R.N.I.No. UPHIN/2016/66574

हिंदी साप्ताहिक

# मिशन संदेश

Website: https:://www.missionsandesh.com  E-mail-missionsandesh.skn@gmail.com

मो.सईद पठान (प्रधान संपादक)
डॉ. अब्दुल गनी (प्रभारी)
राजधानी दिल्ली ब्यूरो कार्यालय
58, गली नम्बर 04 न्यू लाहौर शास्त्री नगर- नई दिल्ली 110031
संपर्क - +917860848485

वर्ष : 09 अंकः 10 रविवार 07 अप्रैल से 13 अप्रैल 2024 पृष्ठ –08 मूल्य : 3 रुपये

## चौधरी का सम्मान, अन्नदाता का सम्मान : योगी

### – मुख्यमंत्री ने बागपत में विजय शंखनाद रैली को किया संबोधित



संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां गेटवे इण्टरनेशनल स्कूल के मैदान में विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा एवं लोकदल के संयुक्त प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वीरों और स्वतंत्रता सेनानियों की धरती बागपत को नमन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये वही भूमि है, जहां से अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध महाभारत की नींव पड़ी थी। 5 हजार साल पहले भगवान श्रीकृष्ण ने हस्तिनापुर के राजदरबार में जाकर पांडवों के लिए जिन पांच गावों की मांग की थी, उनमें से एक बागपत भी था। मगर 'दुर्योधन वह भी दे न सका, आशीष समाज की ले न सका इसलिए महाभारत तो होना ही था।

मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें भारत माता के महान सपूत और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की पावन धरा पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे लिए ये चुनाव और भी महत्व का हो जाता है। पहली बार किसानों के मसीहा के रूप में चौधरी चरण सिंह जी को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्राप्त हुआ है। ये न केवल कोटि कोटि अन्नदाताओं का सम्मान है, बल्कि यूपी वालों का गौरव भी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार, जिन्होंने चौधरी साहब के मूल्यों और आदर्शों को ध्यान में रखा और अन्नदाताओं के मुद्दों को राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बनाया और किसान के हित में कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बागपत में 26 अप्रैल को चुनाव होना है। भाजपा और रालोद ने मिलकर बागपत के लिए एक योग्य प्रत्याशी दिया है। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी को इसके लिए विशेष धन्यवाद, जिन्होंने एक सामान्य व्यक्ति को बागपत से टिकट दिया है। डॉ राजकुमार सांगवान ने चौधरी चरण सिंह जी के जीवन मूल्यों को अपनाया है। इनके लिए अभी से यहां चुनावी गर्मी देखने को मिल रही है। इस गर्मी को 26 अप्रैल तक आते आते और ज्यादा बढ़ाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान सांसद डॉ सत्यपाल सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों में व्यतीत किया, मगर बागपत का सांसद बनते ही वो यहां के विकास के लिए प्राण–प्रण से जुट गये। बागपत के लिए विकास की योजनाओं को उन्होंने दौड़–धूप करके 24 घंटे के अंदर दिल्ली और लखनऊ से पास कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बागपत पांच हाईवे से जुड़ रहा है। यहां हर घर नल योजना प्रभावी रूप से लागू हो रही है। गन्ना किसानों को गन्ना मूल्यों के भुगतान के लिए 5–10 साल इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। अब मात्र एक हफ्ते में ही गन्ना मूल्यों का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना विकास के भावी पीढ़ी को उज्जवल भविष्य नहीं दे सकते। बागपत में विकास के लिए रालोद का नल और बीजेपी का कमल जरूरी है। उन्होंने पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि पहले बागपत का नौजवान सड़कों पर दौड़ता रह जाता था और जब सरकारी नौकरी की बारी आती थी तब उसे छंटनी करके बाहर कर दिया जाता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की बड़ी ताकत बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म हुआ है, बहन–बेटी और व्यापारी सुरक्षित हुए हैं। व्यापार बढ़ा है और निवेश का माहौल बना है। किसी ने भी नहीं सोचा था कि देश और प्रदेश में इतने सारे कार्य होंगे। अब बागपत की जनता को यहां चुनाव की गर्मी को बढ़ाना होगा। फिर एक बार मोदी सरकार का संकल्प लेना होगा और मोदी सरकार के लिए बागपत से राजकुमार सांगवान को जिताने की आवश्यकता है। ये निर्वाचन क्षेत्र तीन जनपद में फैला हुआ, ऐसे में हमारे प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान घर घर नहीं जा पाएंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं को भी डॉ राजकुमार सांगवान बनकर घर घर जाना होगा। भाजपा और लोकदल के कार्यकताओं को परस्पर समन्वय बनाकर आगे बढ़ना होगा। विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को प्राण–प्रण से जुटना होगा। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने पहले मतदान, फिर जलपान का आह्वान भी किया।

## नवदीप रिणवा ने मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए आयोजित सम्मेलन में किया प्रतिभाग

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कम मतदान प्रतिशत वाले जनपदों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सम्बन्धित जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश भी निर्गत किये गये है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निरन्तर बैठक कर उनका मतदाता जागरूकता में सहयोग लिया जा रहा है। उक्त बातें प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग के मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में मतदान में कम सहभागिता विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहीं।

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा कोटेदारों (उचित दर की दुकानों के विक्रेता) के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही गैस सिलेण्डर तथा बिजली के बिलों में मतदाता स्लोगन के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा बी0एल0ओ0 द्वारा बांटी जा रही मतदाता पर्ची तथा वोटर गाइड की नियमित रुप से मॉनीटरिंग की जा रही है, जिससे प्रत्येक मतदाता के पास मतदाता पर्ची तथा वोटर गाइड समय से पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के पास समय से मतदाता पर्ची पहुंचने से उन्हें मतदान करने से सम्बन्धित सभी जानकारियां प्राप्त हो जाती है।

सम्मेलन में भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष लखनऊ के नगर निगम आयुक्त, इन्द्रजीत सिंह तथा कानपुर के नगर निगम आयुक्त शिव शरण अप्पा ने पी0पी0टी0 के माध्यम से मतदाता प्रतिशत बढ़ाने की रणनीति बतायी। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधु सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मेलन में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के विषय पर चर्चा की गयी। उनके द्वारा अपेक्षा की गयी कि उ0प्र0 राज्य सबसे अधिक मतदाता वाला राज्य है। इस राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ने से देश का मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। इसलिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत, औसत राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत 67.40 के बराबर लाने का प्रयास किया जाये। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा अपेक्षा की गयी है कि मतदान के दिन निजी वाहनों की पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाये। धूप से बचने के लिए शेड की व्यवस्था, लम्बी लाइनों के बीच में मतदाताओं को बैठने की सुविधा के लिए कुर्सी रखी जाये तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाये।

मतदाताओं को लोकतंत्र का उत्सव के रुप में मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया जाये। सम्मेलन में जनपद प्रयागराज, भदोही, श्रावस्ती, गोण्डा एवं सिद्धार्थनगर के जिला निर्वाचन अधिकारी वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

## सपा का मूल चरित्र ही धमकाना और धौंसियाना है : सांसद बृजलाल

संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद बृजलाल ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर हुई प्रेसवार्ता में कहा कि सपा का मूल चरित्र ही धमकाना और धौंसियाना है। शिवपाल यादव का बदायूं में वोट न देने पर हिसाब. किताब कर धमकाने की बात करना सपाई असलियत को उजागर करता है। बदायूं से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी शिवपाल यादव का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। जिसमें वे वोट न देने वाले लोगों से हिसाब किताब करने की बात कहकर धमकाने का काम कर रहे हैं। इससे यह बात तो बिलकुल साफ है किए अपराधीए माफिया और दंगाई सपा के घर जमाई है।

बृजलाल ने कहा कि चुनाव के बाद सपा का हिसाब किताब कैसा होता है यह किसी से छिपा नहीं है। 2004 के लोकसभा चुनाव में बूथ कैप्चरिंग का विरोध करने वाले भाजपा कार्यकर्ता नीरज मिश्रा की नृशंस हत्या किसी से छिपी नहीं है। कहा कि कन्नौज में अखिलेश यादव के सामने ही भाजपा उम्मीदवार के टुकडे़.टुकडे़ करने की बात करने वाले नेता को भी सपा सपा प्रमुख का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने यह भी कहा किए यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है कि समाजवादी नेता ऐसा बोल रहे हैं। इनकी हरकतों को जनता ने देखा और झेला है। 2022 के विधानसभा चुनाव में हर जिले में इनका कम से कम एक उम्मीदवार अपराधी या इलाके का प्रसिद्ध गुंडा रहा है। 2022 के चुनाव के परिणाम के पहले ही किस प्रकार सपा के नेताओं ने पूरे प्रदेश में अराजकता फैलाई यह किसी से छिपा नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा किए मोदी की बोटी.बोटी करने की बात कहने वाले दंगाई इमरान मसूद सहारनपुर से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार हैं। कैराना में गैंगस्टर और पलायन के जिम्मेदार रहे नाहिद हसन सपा.कांग्रेस गठबंधन के शैडो कैंडिडेट हैं। बहन तो बस नाम को लड़ रही है। इंडी गठबंधन वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया का पैरोकार है।

# सम्पादकीय

## मध्यम अवधि की आर्थिक नीति

सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसकी योजना एक विकसित भारत तैयार करने की है। इस लक्ष्य के लिए कई तिथियों के सुझाव सामने आए, हालांकि सबसे अधिक जिक्र 2047 का है जब देश की आजादी की 100वीं वर्षगांठ होगी। ऐसी महत्त्वाकांक्षा तय करना एकदम उचित है। बहरहाल, ऐसे लक्ष्य के लिए जिस पैमाने पर वृद्धि हासिल करनी होगी उसे हासिल करना आसान नहीं होगा। इसके लिए दशकों तक साल दर साल कम से कम आठ फीसदी की दर से वृद्धि हासिल करनी होगी। यदि हम ऐसा कर सके तब जाकर 14,000 डॉलर प्रति व्यक्ति के नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद तक पहुंच सकेंगे जो उच्च आय वाले देशों के लिए वर्तमान मानक है।

अब तक करीब छह देशों ने यह स्तर हासिल किया है। परंतु ऐसी वृद्धि हासिल करना संभव है। चीन वर्षों की तेज वृद्धि के बाद अगले कुछ वर्षों में 14,000 डॉलर का स्तर प्राप्त कर सकता है। यह स्थिति तब है जबकि हाल के दिनों में चीन की आर्थिक गति कमजोर पडघी है। पूर्वी यूरोप और पूर्वी एशिया के कई देशों ने भी इस समय में तेज वृद्धि बरकरार रखी है।

भारत जैसे जटिल देश में यह स्पष्ट है कि ऊंची और टिकाऊ वृद्धि अपने आप नहीं आएगी। वर्तमान परिदृश्य में तो ऐसा ही प्रतीत होता है। सन 1990 और 2000 के दशक की स्वर्णिम अवधि के उलट आज वैश्विक हालात प्रतिकूल हैं। महत्त्वाकांक्षी विकासशील देशों के लिए भी हालात मुश्किल हैं। इसकी कई वजह हैं।

पहली, कारोबारी व्यवस्था बहुत सीमित हो गई है क्योंकि विभिन्न देश ऐसी औद्योगिक नीतियों में व्यस्त हैं जहां घरेलू सब्सिडी और शुल्क दरों से जुडघे प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। दूसरा, अमेरिका और चीन के बीच छिडघे शीतयुद्ध ने मूल्य श्रृंखलाओं को विभाजित कर दिया और निवेश रणनीतियों को जटिल बना दिया। तीसरा, तकनीकी बदलावों ने किफायती श्रम लागत के इर्दगिर्द बनी विकास नीतियों को मुश्किल बना दिया है।

अन्य वृहद रुझानों को भी इसमें शामिल करना होगा जिसमें जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तथा पर्यावरण के अनुकूल बदलावों का असर शामिल है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने की आवश्यकता भारत समेत किसी भी देश की क्षमता को प्रभावित करती है। उन्हें सस्ती ऊर्जा के लिए घरेलू कोयले पर निर्भर रहना पडघ्ता है।

इससे औद्योगीकरण की लागत बढघ्ती है क्योंकि मध्यवर्ती वस्तुएं बनाने के लिए उच्च लागत वाली तकनीकों की आवश्यकता होती है। ऐसे में निकल जैसे नए संसाधन और जिंस विदेशी मुद्रा भंडार पर अधिक असर डालते हैं तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में हालात को मुश्किल बनाने का काम करते हैं।

ऐसे में यह मानना अतिरिक्त रूप से आशावादी होगा कि विभिन्न केंद्रीय मंत्रालय उचित नीतियां बनाकर इन जटिल वैश्विक और आर्थिक हालात से आसानी से निपट सकेंगे। ऐसा रवैया भारत को आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में कुछ बेहतर स्थिति में रख सकता है लेकिन इससे विकसित भारत बनाने के लिए आवश्यक टिकाऊ वृद्धि हासिल होती नहीं दिखती।

ऐसे में मध्यम अवधि में अधिक सुसंगत नीति बनाने का कोई अन्य विकल्प नहीं नजर आता जो वृद्धि और विकास के लिए जरूरी विभिन्न प्रासंगिक क्षेत्रों को एकीकृत कर सके तथा उपरोक्त रुझानों और शक्तियों का भी ध्यान रखे। जरूरी नहीं कि मध्यम अवधि की ऐसी रणनीतियों को भी अतीत की पंचवर्षीय योजनाओं की सांविधिक शक्ति की आवश्यकता हो।

परंतु वे विभिन्न मंत्रालयों में नीति निर्माण को लेकर अहम निर्देश दे सकती हैं जो अन्यथा लंबी या मध्यम अवधि के नियोजन में क्षमता की कमी के शिकार होते हैं। इस कार्य की वास्तविक जगह नीति आयोग होगा।

सरकार का यह आंतरिक थिंक टैंक अपनी बौद्धिक क्षमता को बढघ सकता है और उसे वृद्धि के लिए मध्यम अवधि का खाका तैयार करने का काम दिया जा सकता है जिसे समय-समय पर आंतरिक और बाह्य विकास के लिए समायोजित किया जा सकता है।

# भारत-ब्रिटेन व्यापार सौदे के संभावित परिणाम

अजय श्रीवास्तव

गत 12 मार्च को टेलीफोन पर बातचीत में भारत और ब्रिटेन के प्रध ानमंत्री इस बात पर सहमत हुए कि वे साझा लाभ वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्दी अंजाम तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे। हम आशा कर सकते हैं कि चुनाव के बाद देश में नई सरकार बनते ही भारत-ब्रिटेन एफटीए पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के बाद ब्रिटेन के लिए एफटीए नई व्यापार साझेदारियां स्थापित करने की रणनीति का हिस्सा है।

इस बीच भारत भी तेजी से नए एफटीए को अंजाम दे रहा है मानो वह अपनी संरक्षणवादी छवि में बदलाव कर रहा हो। यह बदलाव तब आया जब नवंबर 2019 में भारत अचानक 16 देशों वाली क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसेप) वार्ता से बाहर हो गया।

बीते चार वर्षों में भारत ने मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (एफ्टा) के देशों मसलन स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिक्टनस्टाइन के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्रिटेन के साथ एफटीए आरसेप से बाहर आने के बाद भारत का पांचवां एफटीए होगा। भारत के एफटीए साझेदारों ने तेज वार्ता की रणनीति पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है क्योंकि भारत के साथ एफटीए उन्हें एक बडघे उभरते बाजार तक पहुंच प्रदान करता है वह भी उच्च टैरिफ से बचकर।

माना जा रहा है कि एफटीए से द्विपक्षीय व्यापार बढघेगा। वित्त वर्ष 2023 में भारत और ब्रिटेन का आपसी व्यापार 57 अरब डॉलर से अधिक हो गया। भारत ने जितना खर्च किया उससे 13.34 अरब डॉलर अधिक की राशि अर्जित की। भारत ने 11.40 अरब डॉलर की वस्तुओं और 23.80 अरब डॉलर की सेवाओं का निर्यात ब्रिटेन को किया और उससे 8.96 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं और 12.90 अरब डॉलर मूल्य की सेवाओं की खरीद की।

दोनों देशों ने जनवरी 2022 में एफटीए को लेकर बातचीत शुरू की। इस वार्ता में 26 विषय शामिल हैं जिसमें वस्तु एवं सेवा व्यापार, बौद्धिक संपदा, सरकारी खरीद, स्रोत के नियम, व्यापार और टिकाऊ विकास, श्रम, लिंग और डिजिटल व्यापार आदि हैं। बातचीत के प्रमुख विषयों में से कुछ के अनुमानित परिणाम इस प्रकार हैंरू

वाणिज्यिक उत्पाद व्यापाररू भारत ब्रिटेन को जो निर्यात करता है उसका आधा से अधिक हिस्सा यानी करीब 6 अरब डॉलर मूल्य का निर्यात पेट्रोलियम, औषधि, हीरे, मशीनों के कलपुर्जे, विमान और लकडघी के फर्नीचर आदि पहले ही बिना आयात शुल्क के ब्रिटेन जाते हैं। ऐसे में इन निर्यातों को शुल्क दरों में संभावित कमी का कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा। बहरहाल करीब 5 अरब मूल्य का अन्य निर्यात जिनमें वस्त्र, कपडघ, जूते-चप्पल, कालीन, कारें, समुद्री भोजन, अंगूर और आम शामिल हैं, उन्हें लाभ होगा क्योंकि अभी उन पर शुल्क चुकाना होता है।

इस व्यापार में ब्रिटेन को अधिक लाभ होगा क्योंकि भारत आने वाले उसके 91 फीसदी उत्पादों पर औसत से उच्च आयात शुल्क लगता है। ऐसे अधिकांश उत्पादों को भारत द्वारा शुल्क हटाए जाने का लाभ मिलेगा। भारत ब्रिटेन से आने वाली कारों पर आयात शुल्क को 100 फीसदी से कम करके 50 फीसदी कर सकता है तथा कुछ कारों को वह 25 फीसदी की न्यूनतम शुल्क दर पर भी आने दे सकता है।

इलेक्ट्रिक वाहनों पर भारत पहले ही शुल्क दर कम कर चुका है और उसे 100 फीसदी से कम करके 15 फीसदी तक कर दिया गया है। इससे संकेत मिलता है कि भारत ब्रिटेन को बेहतर पेशकश कर सकता है। इसी प्रकार वाइन के मामले में भारत आयात शुल्क को अगले 10 वर्ष में 150 फीसदी से कम करके 25 फीसदी कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया और स्विस वाइन के मामले में ऐसा हो चुका है। यानी कुछ सालों में 90 फीसदी द्विपक्षीय व्यापार शुल्क मुक्त हो जाएगा और व्यापार बढघेगा।

सेवारू भारत अपनी सूचना प्रौद्योगिकी और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए अधिक बाजार पहुंच चाहता है। उसने ब्रिटेन से अनुरोध किया है कि वह भारतीय पेशेवरों को अल्पकालिक कामों के लिए प्राथमिकता पर वीजा प्रदान करे। बहरहाल, बडघी तादाद में अल्पकालिक कामकाजी वीजा पाना मुश्किल हो सकता है क्योंकि ब्रेक्सिट के बाद ब्रिटेन में प्रवासियों को लेकर चिंता बढघी है। ब्रिटेन दूरसंचार, विधि ाक और वित्तीय सेवा क्षेत्र को विदेशी प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने की भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दे सकते हैं।

ब्रिटेन के उत्पादकों को भारत सरकार के खरीद वाले क्षेत्रों को बिक्री की इजाजत देना उन्हें भारतीय कंपनियों के समकक्ष बना देगा। वहीं भारतीय कंपनियों को ब्रिटेन में सरकारी खरीद बाजार में तगडी प्रतिस्पर्धा और प्रतिबंध ों का सामना करना पडघ्ता है। इस क्षेत्र में भारत को सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

गैर कारोबारी मुद्दों पर होने वाली बातचीत में कई जटिल क्षेत्र शामिल हैं जो भारत के घरेलू नीतिगत क्षेत्र और आर्थिक हितों को प्रभावित कर सकते हैं। उनमें से प्रमुख हैंरू

1. भारत अपनी डिजिटल अर्थव्यवस्था और स्टार्टअप को बचाने के लिए डेटा को स्थानीय रूप से रखने का हिमायती है जबकि ब्रिटेन के अबाध डेटा प्रवाह चाहता है और डिजिटल कारोबार के लिए न्यूनतम बाधाएं।

2. एक विकसित देश के रूप में ब्रिटेन को एफटीए में पर्यावरण और श्रम के क्षेत्र में उच्च मानकों को शामिल करना होगा। भारत सख्त प्रावधानों को लेकर सतर्क है क्योंकि वे उस पर आर्थिक बोझ डाल सकते हैं या उसकी प्रतिस्पर्धी बढघ्त पर असर डाल सकते हैं।

3. भारत इस बात से अवगत है कि एफटीए में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं मसलन अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन समझौते, पेरिस समझौते आदि का पालन भी पुरानी गैर बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं को प्रवर्तनीय दायित्वों में बदल सकता है। इससे नीति निर्माण का लचीलापन कम हो सकता है और ब्रिटेन द्वारा भारत के कपडघें और अन्य श्रम आधारित निर्यात पर गैर टैरिफ अवरोध लगाने को उचित ठहराया जा सकता है। 4. भारत ट्रिप्स प्लस मानकों को अपनाने को लेकर भी सतर्क है और यह बात जेनरिक दवा उद्योग तथा दवाओं तक पहुंच को प्रभावित कर सकती है। ब्रिटेन डेटा की विशिष्टता को लेकर ऐसे प्रावधान चाहता है जो जेनरिक दवा बनाने वालों को एक खास समय के लिए मूल कंपनियों द्वारा प्रस्तुत चिकित्सकीय परीक्षण के डेटा पर भरोसा करने से रोकता है। भारत इस पर सहमत नहीं हो सकता है क्योंकि डेटा विशिष्टता जेनेरिक दवाओं की राह में देरी का सबब बन सकती है।

# मुश्किल वैश्विक हालात में कंपनियों की बढती चुनौतियां

रमेश सिंह

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद देशों के बीच वस्तुओं, सेवाओं, पूंजी, श्रम और विचारों के आदान-प्रदान पर पाबंदी में ढील उच्च आर्थिक वृद्धि का प्रमुख स्रोत थी। परंतु, इस समय चार ऐसी बातें या चुनौतियां हैं जो इस वैश्विक अर्थव्यवस्था को हानि पहुंचा रही हैं। दुनिया के देशों के बीच जुडघव एवं संपर्क बढने से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि होती है वहीं, अलगाव से जीडीपी कमजोर पडता है। चीन का प्रभाव कम करने के लिए संरक्षणवाद के खिलाफ आवाज उठाना नीति-निध ारिकों के हित में है। दुनिया में बदलती परिस्थितियों के बीच वित्तीय एवं गैर-वित्तीय कंपनियों के लिए अपने संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा कर उनमें सुधार करना आवश्यक है। वे जब तक इस मोर्चे पर कदम आगे नहीं बढघएंगे, तब तक वर्तमान परिस्थितियों में बेहतर कारोबार नहीं कर पाएंगे।

आइए, अब हम उन चार चुनौतियों पर विचार करते हैं। वर्ष 2018 से हम श्तीसरे वैश्वीकरणश् के दौर में आ गए हैं। इस श्तीसरे वैश्वीकरणश् में विकसित देशों के साथ उन देशों का आर्थिक जुडघव अधिक कठिन हो गया है जो विदेश नीति एवं सैन्य मामलों में उपयुक्त एवं संतोषजनक स्थिति में नहीं दिख रहे हैं।

दूसरे वैश्वीकरण के दौरान यह तर्क दिया गया था कि रूस और चीन जैसे देशों को वैश्वीकरण के ताने-बाने में शामिल किए जाने के लाभ बाद में नजर आएंगे क्योंकि ये देश स्वतंत्रता की तरफ सावधानी से कदम बढघ रहे हैं, लेकिन यह गलत साबित हुआ। प्रत्येक अल्प विकसित देश को संपन्नता एवं स्वतंत्रता की तरफ बढने में कई पीढियों तक संघर्ष करना पडघ है। लेकिन तृतीय वैश्वीकरण के पक्ष में दिए जा रहे तर्क में वजन दिख रहा है। दूसरा अहम बिंदु है कार्बन सीमा शुल्क (कार्बन बॉर्डर टैक्स)। कई लोग कार्बन सीमा शुल्क को संरक्षणवाद से जोडघकर देख रहे हैं जिसे उचित नहीं माना जा सकता। यूरोपीय उपभोक्ताओं ने ज्यादा कार्बन के इस्तेमाल से तैयार उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करने का समझौता किया है। यूरोपीय कार्बन सीमा समायोजन ढांचा (यूरोपीय कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म) से आशय संरक्षणवाद से नहीं है बल्कि इसका संबंध यूरोप में उत्पादन या इसकी सीमा से बाहर होने वाले उत्पादन के बीच समान अवसर बहाल करना है।

सैद्धांतिक स्तर पर देखें तो यह आयात पर मूल्यवर्धित कर (वैट) की तरह है, जो व्यापार में बाधा पहुंचाए बिना घरेलू नीति (वैट दर तैयार करने की नीति) तैयार करने की गुंजाइश प्रदान करता है। कार्बन उत्सर्जन कम करने के मामले में चीन भारत से आगे है। चीन में कुल ऊर्जा उपभोग में अक्षय ऊर्जा का हिस्सा 33 फीसदी तक हो गया है और यह तेजी से विकास कर रहा है। भारत की कमजोर ऊर्जा नीति भारतीय वस्तुओं के निर्यात को कमजोर कर देगी।

तीसरा पहलू चीन से जुडघ है। चीन की अर्थव्यवस्था गहरे दबाव में रही है। राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 2013 से सत्ता पर अपनी पकडघ मजबूत कर ली है (चीन को आधुनिक बनाने के तंग श्याओ फिंग के प्रयासों को उन्होंने पलट दिया है)। नीतिगत स्तर पर अंध राष्ट्रवाद, बाहर के लोगों के प्रति शत्रुता और निजी क्षेत्र के लोगों के खिलाफ सरकार की दमनकारी नीतियां पांव पसार रही हैं। ऐसे और कुछ अन्य कारणों से चीन की आर्थिक वृद्धि उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाई है। पूर्व में चीन के नीति निर्धारकों ने ऋण मुहैया कर, आधारभूत ढांचे पर व्यय बढघकर और निर्माण क्षेत्र पर ध्यान देकर अपनी अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने का प्रयास किया है। परंतु, वर्तमान समय में इन उपायों का इस्तेमाल करना कठिन हो गया है।

ऐसा लग रहा है कि अब निर्यातकों को व्यवस्था के स्तर पर सब्सिडी देने का प्रयास किया जा रहा है (यह जिस रूप में किया जा रहा है वैश्विक व्यापार उसकी अनुमति नहीं देता है)। वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन का विशेष योगदान है इसलिए उसका व्यवहार दूसरे देशों पर बडघ असर डाल सकता है। वर्तमान समय में निर्यात पर सब्सिडी देने से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए कई छोटे प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में एक विदेश नीति तैयार करना आवश्यक है जिसके माध्यम से विकसित अर्थव्यवस्थाएं चीन के साथ संवाद कर सकें।

इन तीनों व्यवस्थागत समस्याओं के बाद एक चौथी समस्या भी है। विभिन्न देश व्यापार नीति पर मनमाने ढंग से कदम उठा रहे हैं। ये कदम अक्सर गलत दिशा में जाते हैं।

# संयुक्त सनातन परिषद गठबंधन ने जारी की लोकसभा प्रत्याशियों की सूची

## लखनऊ से चुनावी मैदान में उतरेंगें गौरव वर्मा

संवाददाता

लखनऊ। विभिन्न राजनैतिक एवं सामाजिक संगठनों के गठबंधन संयुक्त सनातन परिषद ने लोकसभा चुनाव के लिये अपने दस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। जिसके मुताबिक लखनऊ से हिन्दू समाज पार्टी से गौरव वर्मा चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे। जबकि घोषित अन्य प्रत्याशियों में भारतीय जन–जन पार्टी की ओर से अयोध्या से रजित राम प्रजापति, बाराबंकी से रोहित रावत, संत कबीर नगर से अमृत पाण्डेय, सीतापुर से नितिन त्रिवेदी, मिश्रिख से अनीता वर्मा, बहराइच से सुनील कुमार तिवारी, कैसरगंज से रूपेष कुमार, जालौन से बृजेष कुमार प्रजापति एवं डुमरियागंज से दिलीप मिश्रा चुनावी मैदान में उतरेंगे।

प्रत्याशियों की घोषणा से पहले आज भारतीय जन–जन पार्टी के तत्वाध ाान में राष्ट्रीय मुख्यालय गोयल प्लाजा पर एक समान सनातनी विचारधार रखने वाले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्षों की एक अति महत्वपूर्ण बैठकआयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जन–जन पार्टी एवं संयुक्त सनातन परिषद के संयोजक पण्डित मनीष महाजन ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 जो भी प्रत्याशी




लड़ेगा वह संयुक्त सनातन भारत परिषद् गठबंधन से चुनाव लड़ेगा।

गठबंधन में अमर बलिदानी कमलेश तिवारी की हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किरन कमलेश तिवारी, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रेमाचार्य जी. पवन मिश्रा राष्ट्रीय अध यक्ष भारतीय प्रबुद्ध समाज पार्टी, स्वर्णकार आर०के० वर्मा राष्ट्रीय अध यक्ष राष्ट्रीय शिल्पकार पार्टी, पं० श्याम नारायण चौबे राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वजन हित पार्टी, डॉ० एस०के० त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत जन मोर्चा, दिलीप रस्तोगी राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय सत्याग्रह पार्टी सहित प्रदेश की समाजसेवी संस्थायें मानव एकता एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष एल०पी० सिंह, समाजिक उद्योग व्यापार मण्डल राष्ट्रीय अध्यक्ष रामबाबू रस्तोगी, आदर्श व्यापारी एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सोनी, राष्ट्रीय मनावाधिकार सुरक्षा परिषद् कीर्ति सिंह, विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता संगठन प्रदेश महासचिव श्रीकांत द्विवेदी ने गठबंधन को अपना समर्थन पत्र दिया एवं हिन्दू वानर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने–अपने प्रत्याशियों की सूची जारी करेगी। पं० मनीष महाजन ने बताया कि समाज में हो रहीं हिन्दू जनमानस के साथ सभी पार्टी सेवाभाव के निरन्तर प्रयास करती रहती है। जिसके कारण हमें विश्वास है कि सनातन भारत परिषद् के समस्त प्रत्याशी को आवश्य ही सफलता मिलेगी।

# एसटीएफ ने पांच लोगों को रंगे हाथों दबोचा



संवाददाता

लखनऊ। एसटीएफ यूपी को हाइवे से गुजरने वाले टैंकर चालकों को प्रलोभन देकर टैंकर में लोड डीजल व पेट्रोल निकालकर अन्तर्राज्यीय स्तर पर सप्लाई करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को लगभग 21,800 लीटर डीजल व 440 लीटर पेट्रोल के साथ टैंकर से डीजल निकालते समय कालपी जालौन से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सैफ अली, भूरा, बरकत अली, मुस्ताक,इरफान खान है। इनके कब्जे से कुल 21,800 लीटर डीजल (14 ड्रम लगभग 2800 लीटर एवं टैंकर में 19,000 लीटर) , कुल 440 लीटर पेट्रोल (दो ड्रम लगभग 400 लीटर लगभग पेट्रेल एवं एक जरीकेन 40 लीटर) , एक छोटा हाथी सुपर कैरी, एक टैंकर, नगद 8070 रुपये , चार मोबाइल फोन बरामद किया है।

इन अभियुक्तों को कानपुर झांसी हाइवे पर चौहान ढ़ाबा के पास थाना क्षेत्र कालपी जनपद जालौन से गुरुवार की रात को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ, उत्तर प्रदेश को विगत काफी समय से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में डीजल व कैमिकल आदि को टैंकर चालको की मिली भगत से चोरी से निकाल कर बिक्री करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनायें प्राप्त हो रही थी।इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न इकाईयोंध्टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था। गुरुवार एसटीएफ टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अवैध तरीके से डीजल के टैंकरो से चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों द्वारा कालपी जनपद जालौन में हाईवे से गुजरने वाले टेंकरो के चालको को प्रलोभन देकर टेंकरो में लोड डीजल को चोरी से निकाल कर हाइवे के पास ही चिन्हित स्थान पर रखते है। इस सूचना पर एसटीएफ कानपुर टीम स्थानीय पुलिस को साथ लेकर चौहान ढ़ाबा के पास थाना क्षेत्र कालपी, जालौन से उपरोक्त पांच व्यक्तियों को टैंकर से तेल चोरी करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया तथा उनके कब्जे से उपरोक्त बरामदगी हुई।गिरफ्तार अभियुक्त सैफ अली व बरकत अली ने पूछताछ में बताया कि उन लोग का एक गिरोह है जो कई वर्षो से हाइवे से गुजरने वाले टैंकरों के ड्राइवरों को प्रलोभन देकर डीजल व पेट्रोल चोरी करता है। वह चोरी किये हुए डीजलध्पेट्रोल को अन्तर्राज्यीय स्तर पर कम दामों में बेचते है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कोतावली कालपी जनपद जालौन में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# फव्वारों से डेंगू लार्वा का होगा खात्मा

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी वासियों को बहुत जल्द डेंगू मच्छरों से निजात मिलने वाली है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग व नगर स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अभियान चलाया गया है। शुक्रवार को नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार ने बताया कि बुद्धेश्वर मंदिर स्थित तालाब और फव्वारे में साफ पानी पनपने वाले डेंगू मच्छर खात्मा करने के लिए गंबूजिया मछली को छोड़कर अभियान का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि शहर में जितने भी फव्वारा और तालाब हैं उन्हें चिंहित करने का कार्य किया जा रहा है जहां गंबूजिया मछली को छोड़ा जायेगा जिससे एडीज मच्छर से पनपने वाले डेंगू मच्छर लार्वा खत्म होगा और डेंगू मच्छर पनपने पर अंकुश लगेगा।

उन्होंने बताया कि यह गंबूजिया मछली पानी में जमा काई को भी खा जाती है जिससे पानी को साफ सुथरा रखने का कार्य करती है। वहीं मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने नगर स्वाथ्य व स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव होगा। इसी क्र म में डॉ.विजय ने बताया कि हर रविवार,मच्छर पर वार स्लोगन के तहत सभी सप्ताह में अपने घरों की साफ जरूर करनी चाहिए।जिसमें कूलर,फ्रिज,गमलों ,टायर में जमा होने वाले पानी को एक त्र न होने दें और फुल अस्तीन के कपड़ों को पहनें ,मच्छर रोधी क्रीम का प्रयोग करें। हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। जिसमें अध्कि जानकारी के लिए जिला मलेरिया अधिकारी 9889096678 एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी 9839249286 के नंबरों पर कॉल कर जानकारी ली जा सकती है।

# संक्षिप्त समाचार

## अज्ञात लोगों ने युवक को उतारा मौत के घाट

लखनऊ (आरएनएस )। राजधानी लखनऊ के मडियांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक की हत्या कर दी गई। घ्पुरानी रंजिश में युवक अवनीश शर्मा के ऊपर कुछ अज्ञात लोगों ने हमला किया। इस दौरान युवक के सर पर गंभीर चोट आई जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया है। घटना के बाद मृत युवक अवनी शर्मा की मां लक्ष्मी शर्मा की ओर से मनियर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें बना दी गई है। एसीपी अलीगंज ने बताया कि रात को बर्थडे पार्टी के दौरान पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने अवनी शर्मा पर हमला किया। इस दौरान उसके सर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। घ्मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीम में गठित की गई है। घमिली जानकारी के अनुसार अवनीश शर्मा एक दोस्त के बर्थडे पार्टी में गया हुआ था यहीं पर कुछ अन्य लोग भी आए थे। घ्पार्टी में कुछ ऐसे लोग भी मौजूद थे जो अवनी शर्मा से विवाद मानते थे बर्थडे पार्टी के दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच में विवाद होने लगा। इस दौरान हत्यारे ने अवनीश शर्मा के ऊपर लाठी और डंडे से हमला कर दिया सर में लाठी पढ्घने से अवनी शर्मा को गंभीर चोट आई इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## फल मंडी में आग लगने से मची अफरा तफरी

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के रायबरेली रोड रेलवे ओवरब्रिज के पास फुटपाथ पर लगने वाली फल मंडी में आग लगने से अफरातफरी मच गई। इस दौरान दुकानों में रखे फल जलने से दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है। जानकारी के मुताबिक घटना लगभग शुक्रवार सुबह 8रू00 की है। फल विक्रेता दुकान पर पहुंचे थे कि अचानक आग लग गई और देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। सूचना पर दमकल गाडघ्यिां पहुंची और आग बुझाई, इस दौरान कई दुकानों का सामान जलकर राख हो गया।

## वोटरों के पास समय से पहुंचे मतदाता पर्ची : रिणवा

संवाददाता

लखनऊ । मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निरन्तर बैठक कर उनका मतदाता जागरूकता में सहयोग लिया जा रहा है। उक्त बातें प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग के मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में मतदान में कम सहभागिता विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा कोटेदारों (उचित दर की दुकानों के विक्रेता) के माध्यम से लोगों को मतदान के जागरूक किया जा रहा।गैस सिलेण्डर तथा बिजली के बिलों में मतदाता स्लोगन के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान संचालित हो रहा। जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा बीएलओ द्वारा बांटी जा रही मतदाता पर्ची तथा वोटर गाइड की नियमित रुप से मॉनीटरिंग की जा रही है, जिससे प्रत्येक मतदाता के पास मतदाता पर्ची तथा वोटर गाइड समय से पहुंच जाए। सम्मेलन में निर्वाचन आयोग के समक्ष लखनऊ नगर निगम आयुक्त इंद्रजीत सिंह, नगर निगम आयुक्त कानपुर शिव शरण अप्पा ने पीपीटी के माध्यम से मतदाता प्रतिशत बढ़ाने की रणनीति बतायी।मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधु सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मेलन में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के विषय पर चर्चा की गयी। उनके द्वारा अपेक्षा की गयी कि उ0प्र0 राज्य सबसे अधिक मतदाता वाला राज्य है। इस राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ने से देश का मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। इसलिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत, औसत राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत 67.40 के बराबर लाने का प्रयास किया जाये।



## व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी में लखनऊ व्यापार मण्डल का एक प्रतिनिधि मण्डल ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक नोएडा पंकज सिंह को समस्याओं को गिनाते हुए ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को व्यापार मण्डल के अध यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि फूड सेफ्टी, मण्डी समिति एवं खाद्य प्रसंस्करण, नगर निगम आदि विभागों में हो रही दिक्कतों को विन्दुवार समस्याएं गिनाते हुए कहा कि किसी में कोई बदलाव करने की आवश्यकता नहीं है केवल विभागों के साफ्टवेयर में बदलाव करने की जरूरत है,बजारों में लगने वाले जाम एवं पटरी दुकानदारों को जाम मुक्त किया जा सकता है। यह कार्य सांसद राजनाथ सिंह जो कि व्यापारियों के हित में तमाम कदम उठायें हैं।जिससे व्यापारियों को सहूलियतें मिली है। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निस्तारण हो जाने से व्यापारियों को काफी राहत मिलेगी। वहीं पंकज सिंह ने व्यापारी प्रतिनिधि मण्डल को आश्वासन देते हुए कहा कि व्यापारियों की हर समस्या को हल कराया जायेगा और सौंपा गया ज्ञापन सांसद तक पहुंचाया जायेगा। प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रूप से अनिल विरमानी, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, अमरनाथ मिश्र, अनुराग मिश्र, उमेश शर्मा, जितेन्द्र सिंह चौहान, देवेन्द्र गुप्ता आदि उपस्थिति रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## बार अध्यक्ष समेत सभी पदों के लिए हुए नामांकन

संवाददाता

खागा। मॉडल बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर गुरुवार को अधिवक्ताओं ने नामांकन किए। नामांकन को लेकर सुबह से ही कचहरी में गहमागहमी रही। नामांकन पत्रों की जांच छह अप्रैल से शुरू होगी।

मॉडल बार एसोसिएशन खागा की इल्डर कमेटी के अध्यक्ष श्रीकृष्ण श्रीवास्तव ने चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी जयचंद्र प्रकाश तिवारी, सहायक चुनाव अधिकारी सुरेंद्र सिंह, राजकुमार दुबे, अशोक कुमार मिश्र, महजाब सिद्दीकी को नियुक्त किया है। मतदान 23 अप्रैल को होगा। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नामांकन चार अप्रैल तक होंगे। अंतिम दिन तक अध्यक्ष पद के लिए इंद्रेश कुमार पांडेय व रामचंद्र श्रीवास्तव ने नामांकन किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद यूसुफ सिद्दीकी, हेमदत्त निषाद, उपाध्यक्ष पद के लिए आशीष कुमार श्रीवास्तव, अजीत मान सिंह, विनोद कुमार कश्यप, चंद्रभवन सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए मोहम्मद रिजवान अहमद, नदीम सिद्दीकी, अरुण कुमार अवस्थी, राघवेंद्र मौर्य ने नामांकन किया। इसी तरह महामंत्री के लिए चंद्रशेखर यादव, संजय कुमार सिंह, अरविंद कुमार पांडेय, संयुक्त सचिव प्रकाशन के लिए विनोद कुमार यादव, मुकुल बाजपेयी, संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए राम विनोद मौर्य, उमेश कुमार बाजपेयी ने नामांकन किया। वहीं कोषाध्यक्ष के लिए अखिलेश सिंह, जितेंद्र कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए लक्ष्मीकांत अवस्थी, रमाशंकर, रामआसरे, पुष्प नारायण शुक्ल, देवारी लाल, कृष्णपाल सिंह, कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के लिए बृजेश कुमार, प्रशांत यादव, उमेश कुमार मौर्य, अजय कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, कुमार गौरव, दीपक कुमार तिवारी, सुनील कुमार मिश्र, धीरेंद्र कुमार मिश्र ने नामांकन किया। संयुक्त सचिव पुस्तकालय के लिए आशीष कुमार दीक्षित ने नामांकन किया है।

## स्मार्ट विद्यालय पहरवापुर में फिर चोरी

संवाददाता

चौडगरा। उत्कृष्ट श्रेणी के पहरवापुर कंपोजिट विद्यालय में रोशनदान का ताला तोडघ्कर चोर करीब एक लाख कीमत का स्मार्ट क्लास का सामान चुरा ले गए। विद्यालय में एक माह में दूसरी बार चोरी हुई है। इसके पहले 10 बार विद्यालय में चोरी हो चुकी है। पुलिस चोरों को पकडघ्ने में नाकाम है। मलवां ब्लॉक का कंपोजिट विद्यालय पहरवापुर उत्कृष्ट दर्जे का है। प्रधानाध्यापिका नीलम सिंह भदौरिया ने अपने निजी खर्च से स्कूल को हाईटेक बनवाया है। उन्होंने बताया कि चोर मंगलवार रात रोशनदान तोडघ्कर स्मार्ट क्लास के कमरे तक पहुंच गए। कमरे में रखा कंप्यूटर, सीपीयू, एक केवीए यूपीएस, बैटरी, वायरलेस सिस्टम, वेबकैम, केबल, वाईफाई डोंगल चोरी कर ले गए। इसके पहले 12 मार्च को छत पर लगा सोलर पैनल, पानी की मोटर, वायर, स्टार्टर, किचन से सामान चोर चुरा ले गए थे। विद्यालय में 10 बार पहले चोरी हो चुकी है। प्रधानाध्यापिका नीलम सिंह भदौरिया ने बताया कि तहरीर देने पर पुलिस मुहर लगाकर प्रार्थना पत्र वापस कर देती है। किसी भी चोरी का खुलासा नहीं हो सका है। प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर सरोज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## आईपीएल में सट्टा लगवा रहे दो सटोरिये गिरफ्तार, एक फरार

संवाददाता

फतेहपुर। आईपीएल मैच चालू होने के बाद सक्रिय सटोरियों की तलाश में सैयदवाडघ मोहल्ले में बाकरगंज पुलिस ने दबिश दी। दो सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 18 हजार 600 रुपये, मोबाइल, सट्टा पर्चियां व बाइक बरामद हुई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के सैयदवाडघ के पीछे लाला बाजार सब्जी मंडी में सटोरियों के इकट्ठा होने की खबर पर बुधवार को बाकरगंज चौकी प्रभारी प्रवीण यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां सट्टा पर्चियों पर लिखा जा रहा था। वह लोग बोल रहे थे कि एलएसजी व आरसीबी टीम के बीच कडघ मुकाबला है। 100 रुपये लगाओ और 1000 रुपये पाओ। एक युवक कागज पर सट्टे का हिसाब लिख रहा था और मोबाइल पर पर्ची की फोटो खींच रहा था। घेराबंदी पर सटोरियों में भगदड मच गई। मौके से बाकरगंज चांद खां का हाता निवासी मो. रिजवान, दूसरा सैयदवा लाला बाजार निवासी रिजवान अहमद को पकडघ गया। दोनों के पास से दो स्मार्टफोन मिले। मोबाइल की गैलरी में सट्टा लेनदेन की पर्ची मौजूद मिलीं।

## 15 सवारी लेकर मौत बनकर दौड रहे आटो

संवाददाता

फतेहपुर। ऑटो और ई–रिक्शा की सवारी खतरे की साबित हो रही है। इसकी वजह क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाकर तेज रफ्तार में चलना है। इन्हीं कारणों की वजह से मंगलवार को चित्रकूटधाम कर्बी में ऑटो में सवार सात लोगों की मौत हो गई थी। ऑटो में आठ सवारियां ठूंसकर बैठाई गई थीं और रफ्तार भी तेज थी। इसे देखते हुए बुधवार को ऑटो व ई–रिक्शा सवारी की पडघ्ताल की गई, तो हर ऑटो नियम तोडघ्ते आते–जाते दिखे। ऑटो में चालक के साथ तीन सवारियों को बैठाने का प्रावधान है, जबकि 13 से 15 सवारियां बैठाई जा रही हैं। वहीं ई–रिक्शा पांच से अधिक सवारियां बिठाकर तेज रफ्तार फर्राटा भर रहे हैं।दोपहर साढघ्े बारह बजे जीटी रोड शांतिनगर स्थित एक ऑटो थरियांव से आ रहा था। ऑटो ड्राइवर के साथ अलग–अलग दो सवारियां बैठी थीं। ऑटो चालक ने अपनी सीट के पीछे लकडघी के बेंचनुमा सीट पर महिला समेत चार लोगों को बिठाया था। सामने सीट पर भी चार सवारियां और दो बच्चे बैठे थे। पीछे डिग्गी में चार सवारियां बैठी थीं।

# शोहदों ने फैलाई कोर्ट मैरिज की अफवाह

### आहत छात्रा ने दी जान, पिता बोला : दो युवक करते थे परेशान, पढ़ें मामला



संवाददाता

फतेहपुर। जिले में दुस्साहसी शोहदों ने छात्रा से ज्यादती की हदें पार कर दीं। बीए की छात्रा को उसके गांव के ही दो युवक कॉलेज आते–जाते परेशान करने लगे। छात्रा ने विरोध किया, तो उसके साथ कोर्ट मैरिज की अफवाह फैला दी। परिजनों ने छात्रा को एक रिश्तेदार के घर भेज दिया, लेकिन शोहदे नहीं माने और रिश्तेदार के गांव भी पहुंचने लगे। आहत छात्रा ने गुरुवार दोपहर करीब साढघे तीन बजे रिश्तेदार के घर पर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। खागा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती (21) स्नातक की छात्रा थी।

वह कुछ माह से खखरेरू थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदार के घर रह रही थी। युवती के परिजनों ने बताया कि गांव निवासी अंकित तिवारी और अनुज तिवारी उसकी पुत्री को काफी समय से परेशान कर रहे थे। दोनों के परिजनों से कई बार शिकायत भी की, लेकिन उन लोगों ने अनसुनी की। बदनामी के डर से पुलिस से शिकायत करने से बच रहे थे। कुछ दिनों पूर्व आरोपी अंकित ने गांव में अफवाह फैला दी कि उसने उनकी बेटी से कोर्ट मैरिज कर ली। इस बात से पुत्री मानसिक तनाव में रहती थी। इसी वजह से पुत्री को थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदार के घर भेज दिया था। आरोपी रिश्तेदार के गांव भी पहुंचने लगे और वहां भी कोर्ट मैरिज की बात कहकर बेटी को बदनाम करने लगे। आखिर में बेटी ने आत्मघाती कदम उठा लिया। कोतवाल तेज बहादुर सिंह ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर अंकित व अनुज के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी रिश्ते में चचेरे भाई बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि दोनों आवारा किस्म के हैं। आरोपियों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी गई है।

## बसपा नेता आदित्य पांडेय ने थामा भाजपा का दामन, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने दिलाई सदस्यता



संवाददाता

फतेहपुर जिले में ब्राम्हणों के कद्दावर नेताओं में शुमार पूर्व विधायक आदित्य पांडेय ने बसपा से रिश्ता तोडघ्कर भाजपा का दामन थामा है। उन्हें उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा में शामिल कराया है। वे बसपा से जहानाबाद विधानसभा से एक बार के विधायक रह चुके हैं। उनकी धाक जहानाबाद समेत पूरे जिले में हैं। उन्होंने बताया कि पचास से अधिक समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए हैं।

## तेज धूप से हो रहा संक्रमण, निकल रहे लाल दाने

संवाददाता

फतेहपुर। भोर के समय ठंडा मौसम और दोपहर में चिलचिलाती धूप से लोगों में चर्म रोग फैल रहा है। त्वचा पर लाल दाने पडघ रहे हैं, जिनमें तेज खुजली हो रही है।

जिला अस्पताल में प्रतिदिन ऐसे रोगियों की संख्या 100 के आसपास पहुंच रही है। अप्रैल महीने में दिन के समय अचानक बढघी गर्मी से सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है। तेज धूप में कुछ देर रहने पर शरीर में लाल दाने निकल रहे हैं और तेज खुजली लोगों को बेचैन कर रही है। चालू सप्ताह में ही यह समस्या उत्पन्न हुई है। शुरुआत में एक स्थान पर दाने निकलते हैं और इसके बाद एक दो दिन में पूरे शरीर में फैल रहे हैं। यह समस्या खास तौर में स्कूली बच्चों में अधिक पैदा हो रही है, क्योंकि बच्चे दोपहर में स्कूल से घर लौटते हैं।

## पर्चा, लाउडस्पीकर हुआ पुराना, व्हाट्एप व रील पर चुनाव प्रचार

संवाददाता

फतेहपुर। डिजिटल इंडिया के साथ चुनाव प्रचार में भी डिजिटल हो गया है। बिल्ला, पर्चा और लाउडस्पीकर से होने वाला चुनाव प्रचार पर अब सोशल मीडिया ने पूरा कब्जा कर लिया है। पार्टी और प्रत्याशी व्हाट्सएप, रील, इंस्टा, फेसबुक के साथ अपनी बात लोगों तक पहुंचा रहे हैं। प्रत्याशियों ने सोशल मीडिया हैंडल करने के लिए एक आईटी टीम ही गठित कर रखी है। लोकतंत्र के महापर्व ने सोशल मीडिया की दुनिया में भी रौनक ला दी है। बिल्ला, पर्चा और लाउडस्पीकर से प्रचार अब हांसिए पर है। पार्टी और प्रत्याशियों के प्रचार की कमान अब सोशल मीडिया ग्रुप ऑपरेट करने वाले के हाथों में पहुंच गई है। पार्टियों की नजर में इस प्लेटफार्म पर कई ऐसी शख्सियतें हैं, जिनकी पहचान कविता–कहानी लिखने–पढघ्ने, मीम्स–कार्टून बनाने, स्टैंडअप कॉमेडी और लोकगीत व संगीत सुनाने से बनी है। अलग–अलग इलाकों में सक्रिय यूट्यूबर भी इसमें फिट हैं। एक ही क्लिक से प्रत्याशी की बात मतदाताओं के घर तक पहुंच जा रही है। इनकी रील्स, मीम्स, कार्टून, फोटो पोस्ट, छोटे–छोटे, लेकिन प्रभावी पॉडकास्ट व सनसनीखेज खबरों के जरिये आम यूजर की जिंदगी में दबे पांव सियासी संदेश घोला जा रहा है। इन्फ्लूएंसर व यू–ट्यूबर को इसकी कीमत भी मिल रही है। इनकी फॉलोइंग के हिसाब से हर पोस्ट के लिए पांच से दस हजार तक के प्रस्ताव हैं। कई मामलों में तीस से पचास हजार रुपये तक भी दिए जा रहे हैं। पार्टियां इस तरह के बडघ्े इन्फ्लूएंसर पर भी नजर रख रही हैं। दरअसल, लोकसभा चुनाव के लिए यू–ट्यूब समेत सोशल मीडिया प्लेटफार्म बडघ बाजार बनकर उभरा है। इससे पलक झपकते ही नेताजी के बयान, दिनचर्या और सियासी मुद्दे बडघी आबादी तक पहुंच रहे हैं। त्वरित टिप्पणी या वार–पलटवार एक क्लिक पर लोगों की नजरों के सामने होता है। माध्यम के तौर पर इन्फ्लूएंसर की पहचान की जा रही है। इसके लिए प्रत्याशी ने भी बाकायदा एक टीम का गठन किया गया है। वर्चुअल वार रूम के सहारे मुहिम को आगे बढघया जा रहा है। प्रत्याशी ऐसे सोशल मीडिया मंच को चुनती हैं, जो बिना ज्यादा पाबंदियों के तेजी से जनता से जोडघ्ने में मदद करते हैं। व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स जैसे कई मंच हैं, जो जनता के एक खास वर्ग की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। चुनाव प्रचार के लिए प्रत्याशी अपने आईटी सेल के जरिए लोगों तक मैसेज पहुंचा रहे हैं। यही नहीं आईटी सेल के लडघ्के फोन कॉल के माध्यम से लोगों को प्रत्याशियों का संदेश दे रहे हैं । वह चुनाव में जीतने की अपील भी कर रहे हैं । एक समय था जब लोग मोबाइल से दूर रहते थे। प्रत्याशी भी जान चुके हैं कि आज हर हाथ में मोबाइल है और इसका उपयोग चुनावी रणनीति में भी कर रहे हैं । पर्चा लाउडस्पीकर वह अन्य संसाधनों को किनारे कर लोग मोबाइल को अपना हथियार बना रहे हैं।

# यू डायस पोर्टल पर जल्द भरें बच्चों का डाटा

संवाददाता

सीतापुर। विद्यार्थियों को पर्सनल एजुकेशन नंबर अलॉट करने की कवायद तेज हो गई है। सभी प्रधानाध्यापकों को यू–डायस पोर्टल पर बच्चों का संपूर्ण डाटा भरने की हिदायत दी गई है। इस डाटा के बाद ही यह नंबर मिलेगा। यह नंबर 12वीं कक्षा तक एक समान रहेगा। इस नंबर के आधार पर ही बच्चों को सरकारी सुविधाएं मिलेंगी। यह व्यवस्था इस शैक्षिक सत्र से लागू कर दी गई है। बीएसए ने तीन अप्रैल को सभी बीईओ को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

अभी तक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का डाटा यू–डायस पोर्टल पर दर्ज किया जाता है। अगर यह डाटा इस पोर्टल पर नहीं होता है तो बच्चे को किसी भी योजना का लाभ नहीं मिलता है। क्योंकि शासन इस डाटा के माध्यम के आधार पर बच्चों को लाभान्वित करता है। अब यह व्यवस्था एकीकृत की जाएगी। शुरुआती शिक्षा से ही प्रत्येक बच्चे का पर्सनल एजुकेशन नंबर अलॉट कर दिया जाएगा। यह नंबर 12वीं कक्षा तक मान्य रहेगा। इस दौरान अगर बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ भी देता तो जब भी विद्यालय में दाखिला लेगा तो यह नंबर ही काम करेगा। यह नंबर दिलवाने की जिम्मेदारी पंजीकृत विद्यालय के प्रधानाध्यापक की रहेगी। चालू शैक्षिक सत्र से इस नंबर को अनिवार्य कर दिया गया है। बीएसए ने इसको लेकर प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है। जल्द ही नंबर अलॉट कराने की जिम्मेदारी दी है। प्रत्येक विद्यालय का यू–डायस कोर्ड अलॉट होता है। यू–डायस पोर्टल पर संबंधित विद्यालय के यू–डायस कोड के तहत बच्चों की जानकारी फीड की जाती है। जिसमें बच्चे का प्रोफाइल, नामांकन व फैसिलिटी प्रोफाइल दर्ज की जाएगी। जब यह जानकारी अपलोड हो जाएगी। उसके बाद ही पर्सनल एजुकेशन नंबर अलॉट होगा। चालू शैक्षिक सत्र से अब टीसी भी इस नंबर के आधार पर ही मिलेगी। अभी तक प्रधानाध्यापक विद्यालय में नामांकन के आधार पर जारी कर देते थे। अब चालू शैक्षिक सत्र से पुरानी व्यवस्था में परिवर्तन होगा। पर्सनल एजुकेशन नंबर के आधार पर ही टीसी मिलेगी। इसका फायदा यह रहेगा कि फर्जीवाड़ा पर पूरी तरह से लगाम लगेगी। शिक्षकों का कहना है अभी तक बच्चों का एक से अधिक स्कूलों में दाखिला हो जाता था। अब यह नंबर अलॉट हो जाएगा तो फर्जीवाड़ा पर काफी हद तक लगाम लगेगी। एक बार नंबर अलॉट होने के बाद दोबारा यह विद्यार्थियों को नहीं मिल सकेगा। यह पूरे देश में एक ही नंबर रहेगा। पर्सनल एजुकेशन नंबर प्रत्येक बच्चे को दिया जाएगा। इसको लेकर कवायद प्रारंभ हो गई है। प्रधानाध्यापकों ने यू–डायस पोर्टल पर डाटा भरना प्रारंभ कर दिया है।

# अलविदा की नमाज में मांगी मुल्क में अमन-चैन की दुआ

संवाददाता

सीतापुर। जिलेभर में रमजान के आखिरी शुक्रवार को अलविदा की नमाज शांतिपूर्वक ढंग से पढ़ी गई। मस्जिदों में रोजेदारों ने नमाज अदाकर मुल्क में शांति की दुआ मांगी। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अमला भी मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में भ्रमण करते नजर आए।

शहर में सिटी मजिस्ट्रेट केएन तिवारी और सीओ सिटी का अमला पुराने सीतापुर पहुंचा। यहां के कजियारा चौराहे से उनका रूट मार्च शुरू हुआ जो कि क्षेत्र की हकीम मस्जिद से होकर वहीं पर समाप्त हुआ। महोली में नगर की थाने वाली मस्जिद, शिया मस्जिद, बड़गांव, कार्टरगंज, मस्जिद बाजार, नेरी में अलविदा की नमाज अदा की गई। लहरपुर में अर्धसैनिक बलों ने क्षेत्र में मोर्चा संभाला। उनके साथ पुलिसबल भी मौजूद रहा। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने पैदल भ्रमण कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। औरंगाबाद में रोजेदारों ने देश में अमन–चौन की दुआ मांगी। बड़ी मस्जिद में नमाज से पहले इमाम हाफिज इरफान बेग ने रमजान के आखिरी अशरे के महत्व को बताकर रोजेदारों से जकात और फितरा अदा करने की अपील की। सदरपुर के जहांगीराबाद क्षेत्र में कई खास मस्जिदों में जुमा अलविदा की नमाज शांति पूर्ण ढंग से पढ़ी गई। सभी ने नमाज पढ़कर देश व धर्म की तरक्की के लिए दुआ मांगी। तंबौर में इमामों ने कहा कि रमजान के माह में जकात और सदका जरूर अदा करें। रवायत के हिसाब से अपने पड़ोसी को बिना भेदभाव, हर गरीब मजलूम की मदद करना पुण्य का काम है। मिश्रिख में मौलाना रिजवान बरकाती ने लोगों को दीन के रास्ते पर चलने की बात कही। जेल में बंद सपा नेता आजम खां ने भी अलविदा की नमाज पढ़ी। जेल अधीक्षक एसके सिंह के मुताबिक सभी बंदी बैरक में ही नमाज पढ़ते हैं। आजम ने भी अपनी ही बैरक में नमाज अदा की।

# बस की टक्कर से ई-रिक्शा सवार चार जख्मी

संवाददाता

सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हाईवे पर बस ने ई–रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई–रिक्शा पर सवार चार लोग घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चंद्रा गांव के पास हाईवे पर महोली से सवारी लेकर कारीपाकर गांव जा रहे एक ई–रिक्शा को बस ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ई–रिक्शा सवार भट्ठा मोहल्ला निवासी दिनेश दीक्षित (35), गांव अमिरता निवासी कोमल (23), शीला मिश्रा (24) व उसका पुत्र प्रिंस (4) घायल हो गए। घायलों ने बताया कि बस परिवहन निगम की थी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक मोहित पाल ने चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। इंस्पेक्टर उमाकांत ने बताया कि ई–रिक्शा को टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

# ब्लाक प्रमुख जेठानी, प्रधान हैं देवरानी, हावी है मनमानी

संवाददाता

सीतापुर। सकरन की ग्राम पंचायतों में बने सामुदायिक शौचालय बदहाल हैं। उन पर ताले लटक रहे हैं। लेकिन इनके संचालन पर लगातार भुगतान किया जा रहा है। अधिकारी भी जांच करने गांव नहीं पहुंच रहे हैं। जनप्रतिनिधि अपने ही ग्राम पंचायत में सरकार की इस योजना का लाभ लोगों को नहीं दे पा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। चुनाव में क्षेत्रीय ग्रामीण इसे मुद्दा बना रहे हैं। सकरन ब्लॉक में 85 ग्राम पंचायतें हैं। ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय बनाए गए हैं। इनके खुलने का समय भी निर्धारित है। देखरेख व साफ–सफाई के लिए ग्राम पंचायतों में स्वयं सहायता समूह के एक सदस्य को केयरटेकर के रूप में लगाया गया है।

हर माह छह हजार रुपये वेतन और रखरखाव पर तीन हजार रुपये का भुगतान किया जा रहा है। यहां से मिथलेश कुमारी ब्लॉक प्रमुख हैं। उनकी देवरानी आरती देवी प्रधान हैं। देवर कृष्ण कुमार वर्मा व अजय कुमार दोनों पदों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके बावजूद उनके गांव में शौचालय बदहाल हैं। पंचायत के अन्य गांव की स्थिति का अंदाजा साफ लगाया जा सकता है। ग्रामीण बताते हैं चुनावी मुद्दा उनके ही नुमाइंदे पैदा करते हैं। ग्रामीण विकास के मुद्दों को लेकर मन बनाते नजर आ रहे हैं। ग्राम पंचायत धर्मपुर में तारिकुन निशा प्रधान हैं। सामुदायिक शौचालय धर्मपुर के चारों तरफ गंदगी का अंबार है। यहां पर रैंप भी नही बना है। पड़ोस में कीचड़ बह रहा है। सुबह 8.10 बजे शौचालय के मुख्य द्वार पर ताला लटक रहा था। जिनमें जंक लगी है।

ग्रामीणों ने बताया कि सुबह–शाम किसी भी समय शौचालय का ताला नहीं खोला जाता। न तो कोई देखरेख करने आता है। कौन केयर टेकर है हम नहीं जानते हैं। जबकि उज्ज्वला स्वयं सहायता समूह को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। सामुदायिक शौचालय राजापुर यह ब्लॉक प्रमुख मिथलेश कुमारी का गांव है। इनकी देवरानी आरती देवी प्रधान हैं। सुबह 8. 34 बजे महिला और पुरुष शौचालय के मुख्य द्वार पर ताला लटक रहा था। छत पर टंकी उल्टी पड़ी है। जिन्हें देखकर लगता हैं कि न तो पानी स्टोर किया जाता न कभी खोला जाता है। शौचालय के गड्ढे पटे हैं। उन पर पत्थर रखे हैं। शौचालय की स्थिति बदहाल है। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी केयर टेकर सत्येंद्र कुमार की है। ग्रामीण बताते हैं कि शौचालय हमेशा बंद रहता है। ग्राम पंचायत भिठमनी में पुष्पा देवी प्रधान हैं। इनकी भतीजी रजनी मौर्य सामुदायिक शौचालय भिठमनी की केयर टेकर हैं। सुबह 8.45 पर शौचालय के एक द्वार पर ताला लटक रहा था। दूसरे द्वार पर बेलन लगा था। यह शौचालय गांव से 200 मीटर दूर बना हुआ है। यहां पर न तो बिजली की कोई व्यवस्था है और न तो पानी की। एक कामचलाऊ हैंडपंप लगा है। यहीं पर गांव की सप्लाई के लिए पानी की टंकी बन रही है। काम कर रहे मजदूरों ने बताया पिछले कई दिनों से हम सब यही दिन–रात रुकते है। कभी भी शौचालय कोई ताला खोलने नहीं आया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेसीबी से तालाब की खोदाई में मरीं मछलियां

संवाददाता

सीतापुर। जेसीबी से तालाब की खोदाई करने पर पाली गई मछलियों की मौत हो गई। विरोध करने पर प्रधान पति समेत अन्य ने पट्टाधारक को दौड़ाया। जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने एसडीएम बिसवां से मामले की शिकायत की है। बिसवां तहसील की कमुआ ग्राम पंचायत में कामता ने बीते साल नीलामी से मछली पालने के लिए पट्टा कराया था। जिसमें मछली पालन किया जा रहा है। कामता का आरोप है कि प्रधान पति जेसीबी से तालाब की खोदाई कराई, जिससे अधिकतर मछलियां मरने लगीं। आरोप है कि विरोध करने पर दौड़ाकर जान से मारने की धमकी दी। साथियों के साथ तालाब में पंपिंग सेट के माध्यम से पानी निकालना चालू कर दिया, जबकि दो दिन पूर्व जेसीबी चलने के दौरान अधिकतर संख्या में मछलियां मर चुकी थीं। पीड़ित कामता ने मामले की शिकायत एसडीएम बिसवां से की है।

### नहर किनारे झाड़ियों में मिला छात्र का शव

संवाददाता

सीतापुर। शारदा नहर में डूबे छात्र का शव शुक्रवार को बरामद हो गया। शव नहर किनारे झाड़ियों में फंसा मिला। परिजनों ने खुद ही शव को नहर से निकाला। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र से गुजरी शारदा नहर में बुधवार को शेखटोला निवासी अरशान (11) फिसलकर गिर गया था। वह कक्षा–पांच का छात्र था। परिजन और पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार को भी परिजन नहर के किनारे उसे तलाश रहे थे। इसी बीच लश्करपुर के पास परिजनों को एक शव बहता दिखा। इस पर परिजनों ने नहर में छलांग लगा दी। कुछ दूर तैरकर जाने पर परिजनों को अहसास हुआ कि वह एक मृत पशु का शव है। तभी उनकी नजर नहर किनारे उगी झाड़ियों पर पड़ी। झाड़ियों में अरशान का शव फंसा दिखा। इसके बाद परिजनों ने शव को खुद ही बाहर निकाला। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने बताया कि अरशान अपने मामा के पुत्र के साथ साइकिल से मोहल्ला शाहकुलीपुर के पास शारदा नहर गया था। पैर में गोबर लग जाने पर वह नहर में उतरकर पैर धोने लगा। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गया। परिजन गोताखोरों के साथ अरशान की नहर में तलाश कर रहे थे। पिता सईद ने बताया कि अरशान सबका दुलारा था। घर से लेकर आस–पड़ोस में भी सब उसे खूब चाहते थे। उसका अचानक चले जाना सबको अखर रहा है। पूरे मोहल्ले में लोग गमगीन नजर आए।

### चुनावी फेर में लाभार्थियों की फंसी धनराशि

संवाददाता

सीतापुर। निर्वाचन आयोग की ओर से 16 मार्च को लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी करने के साथ ही आदर्श आचार संहिता पूरे देश में लागू हो गई है। इसका प्रभाव लाभार्थीपरक योजनाओं पर भी पड़ रहा है। जिले में तकरीबन एक हजार ऐसे लाभार्थी हैं जिन्हें पारिवारिक लाभ योजना का लाभ मिलना है। इनकी ओर से ऑनलाइन आवेदन किए गए हैं लेकिन इन्हें अभी तक इसका लाभ नहीं मिला है। कुछ अन्य योजनाएं भी आदर्श आचार संहिता से प्रभावित हो रही हैं। शासन की ओर से लाभार्थीपरक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसी के तहत समाज कल्याण विभाग की ओर से पारिवारिक लाभ योजना का लाभ दिया जाता है। जरूरतमंद परिवार के मुखिया की मौत पर उसके आश्रित को 30 हजार रुपये योजना के तहत दिए जाते हैं। यह समयबद्ध है। जानकारी के मुताबिक तकरीबन 1000 आवेदन ऑनलाइन किए गए हैं, जिन्हें लाभान्वित किया जाना है। इन्हें योजना की धनराशि के लिए इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि नवीन स्वीकृतियां जारी नहीं की जा सकती और न ही योजना की धनराशि भेजी जाएगी। जब आदर्श आचार संहिता समाप्त होगी, तब इन्हें लाभ मिलेगा। इसी तरह अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार उत्पीड़न योजना के लाभार्थी, किसान सम्मान निधि सहित अन्य कुछ योजनाओं को लाभ भी चुनाव के बाद ही मिल सकेगा।

### युवक की हत्या के मामले का अब तक खुलासा नहीं

संवाददाता

कमलापुर (सीतापुर)। युवक की हत्या के मामले का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस की मानें तो जांच की जा रही है। लुधौरा निवासी शिवम (22) रविवार रात को घर से निकला था।

संदिग्ध हालात में उसका शव रेलवे लाइन पर पड़ा मिला था। पुलिस ने उसके पास से एक असलहा व चाकू बरामद किया था। पहले पुलिस ने घटना को काफी सामान्य रूप में लिया। इधर परिजनों ने कुछ लोगों पर हत्या की आशंका जता दी थी। जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई तो सिर पर आई चोटों की वजह से पुलिस को मनाना पड़ा कि युवक की मौत सामान्य नहीं है। पांच लोगों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया। छह दिन बीतने के बाद भी अभी तक घटना से पर्दा नहीं उठ सका है। पुलिस प्रेम–प्रसंग के साथ ही आपसी रंजिश जैसे बिंदुओं पर जांच कर रही है। परिजनों ने उसी रात गांव के लोगों से विवाद का आरोप लगाया था। एसओ केबी सिंह ने बताया कि पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे हैं। जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

# तनुज का समर्थन करेगा भाकपा : सुमन




संवाददाता

बाराबंकी। देश में साम्यवादी विचारों की कमी के कारण संघनियंत्रित सरकार का मुकाबला विपक्षी दल करने में असमर्थ हैं। साम्यवादी विचार ही संघनियंत्रित भाजपा सरकार को हटाने में सक्षम है, इस वैचारिक लड़ाई को जनता के बीच में हो जाने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अयोध्या संसदीय सीट पर अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी।

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह "सुमन" व पार्टी के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि देश में महंगाई, बेराजगारी, अत्याचार बढ़ रहा है।

न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन कर जेल में, अस्पताल में व मुठभेड़ के नाम पर हत्या की जा रही हैं। सत्तारूढ दल की गलत नीतियों का विरोध करने वाले पत्रकारों, समाजशास्त्रों, बुद्धजीवों को निरूद्ध कर रही है। इन सब स्थितियों का मुकाबला करने के लिए अयोध्या संसदीय सीट पर पार्टी के सांसद रहे मित्रसेन यादव के पुत्र अरविंद सेन यादव को प्रत्याशी बनायेगी।

इस अलोकतांत्रिक सरकार को परास्त करने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के चुनाव निशान हँसिया बाली पर मोहर लगाकर इस जन विरोधी सरकार को परास्त करें।

## कृषि विभाग के जरिये गांव में लोगों को किया गया जागरूक



संवाददाता

बड्डूपुर बाराबंकी,संवाददाता। विकास खंड निदूरा के कृषि विभाग द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान गांव गांव में चलाया जा रहा है।

शुक्रवार को ग्राम पंचायत गोडैया,ओझिंयापुर में कृषि विभाग निंदूरा के नेतृत्व में आशीष कुमार त्रिपाठी सहायक तकनीकी प्रबंधक ने बताया कि सरकार द्वारा गांव में 1 अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत चूहा छछूंदर जो घरों के अंदर रहते हैं उससे विभिन्न प्रकार की बीमारियों के फैलने की की संभावना काफी रहती है यह बीमारी चूहा छछूंदर के मूत्र में पाए जाने वाली बैक्टीरिया के संपर्क में आने से होती है इसके लक्षण में बुखार सिर दर्द मांसपेशियों में दर्द तथा त्वचा व आंखें पीली पड़ जाती है।

बीमारी की गंभीर स्थिति में गुर्दे की विफलता तथा फेफड़ों में रक्तस्राव भी होता है।

उच्च रक्तचाप व हृदय रोग भी होता है। इससे बचने के लिए घरों को चूहों मुक्त रखें। भोजन को ढक कर रखें। खानें से पहले फल व सब्जियों को अच्छी तरह से धो लें।

इस अवसर पर कविता भारती प्रधान,कीढाध लाल परशुराम,कर्म चंद्र, विपिन कुमार, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सीडीओ ने दिलायी किसानों को शपथ

संवाददाता

बाराबंकी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत "स्वीप" गतिविधियों के अंतर्गत शुक्रवार को कृषि विभाग के समस्त विकास खण्ड स्तरीय राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया , जिसमें प्रत्येक विकास खण्ड में 100 से 150 कृषकों द्वारा प्रतिभाग कर निष्पक्ष और सुचितापूर्ण मतदान की शपथ ली गई। विकास खण्ड स्तर पर इन कार्यक्रमों का आयोजन कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्मिकों एवं सहायक विकास अधिकारी, कृषि द्वारा कराया गया।जनपद स्तर पर विकास खण्ड बंकी के किसान कल्याण केन्द्र पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी श्री अ० सुदन की उपस्थिति में किया गया। जिसमें 200 से अधिक कृषकों द्वारा मतदाता शपथ ली गई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सुश्री श्वेता मिश्रा, उप कृषि निदेशक, श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी, राजित राम, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी, गोमती, बाराबंकी डा. कौशलेन्द्र पाल सिंह, भूमि सरंक्षण अधिकारी, गोमती, बाराबंकी अरूणेश प्रताप सिंह एवं कृषि विभाग के विकास खण्ड बंकी के क्षेत्रीय कार्मिक भी उपस्थित रहे।

## ये पब्लिक है सब जानती है : ब्रजेश पाठक

संवाददाता

बाराबंकी। प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेसी सरकारों में हुए भ्रष्टाचार के चलते दुनिया में भारत की छवि धूमिल हो गई थी,मगर 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद विगत दस वर्षों में देश की साख नई ऊंचाइयों पर है।मोदी ने बेदाग और पारदर्शी सरकार चला कर करोड़ो देशवासियों के सम्मान की रक्षा की है।डिप्टी सीएम शुक्रवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित भाजपा सोशल मीडिया वालेंटियर्स सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि मोदी ने देश में गरीब और अमीर के बीच की खाई को कम किया है।मोदी कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।कहा कि प्रदेश में योगी सरकार ने गुंडे–माफियाओं की कमर तोड़ दी है।जबकि इसके पहले सपा सरकार में गुंडे माफिया खुलेआम असलहा लेकर आम जन की जमीनों पर कब्जा करते थे, यही गुंडे बहन बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करते थे मगर योगी सरकार में गुंडों की जगह जेलों में है।कोरोना वैक्सीन को भाजपा की वैक्सीन बताने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव के लिए कहा कि उन्होंने भी चुपके से एक बड़े अस्पताल में ये वैक्सीन लगवा ली थी। उन्होंने चुटकी ली कि ये पब्लिक है सब जानती है।उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत को गरीब की बेटी बताते हुए अधिक से अधिक वोटों से जिताने की अपील की।उन्होंने मोदी सरकार में लागू की गई।

## वन माफियाओं ने काटे बिना परमिट के दस पेड़, शिकायत

कोठी, बाराबंकी। हरख रेंज के मनोरथपुर मजरे न्यौछना गांव में विभागीय वनरक्षक मिलीभगत से बिना परमिट के प्रतिबंधित आठ अर्जुन व दो देसी छूल के पेड़ काटकर ठेकेदार उठा ले गया। इसकी लकड़ी स्थानीय अड्डी पर बिक्री कर दिया। शिकायत पर रेंजर शुक्रवार शाम तक उसके विरुद्ध कार्रवाई नहीं की।हरख वन रेंज क्षेत्र के कोठी, असंद्रा व सिद्धौर में प्रतिबंधित आम,अर्जुन, महुआ व गूलर आदि वृक्षों कटान तेज है। जो डिप्टी डेंजर वीर भगत व क्षेत्रीय वनरक्षक की मिलीभगत रहती है।

# संक्षिप्त समाचार

## शांति कमेटी की बैठक

संवाददाता

सिद्धौर, बाराबंकी। कस्बा सिद्धौर में शुक्रवार को नायब तहसीलदार हैदरगढ की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। इस मौके पर बोलते हुए नायब तहसीलदार उमेष चंद द्विवेदी ने कहा कि सभी से शांति एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की ऐसा कोई भी कृत्य नहीं किया जाए जिससे शांति सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो उन्होंने कहा यहां सभी त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाये जाने की परंपरा रही है आगे भी आपसी सामंजस्य के साथ त्योहार मनाए नगर प्रशासन साफ सफाई विद्युत आपूर्ति पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक प्रचार प्रसार एवं अराजक तत्वों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा थानाध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा माहौल बिगाड़ने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। यदि कोई समस्या आती है तो हमें या अन्य अधिकारियों को अविलंब जानकारी दें इससे समय रहते आपस में बैठकर समस्या का समाधान किया जा सके उन्होंने कहा सभी का ध्यान रखने की जरूरत है ईद की नमाज व दुर्गा पंडाल सहित अन्य तरह की गतिविधियों से यातायात किसी प्रकार से बाधित न हो ईद की नमाज सुबह 6 से लेकर 9:00 बजे तक संपन्न की जाएगी। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, राजस्व निरीक्षक हरिशंकर वर्मा, लेखपाल आनंद प्रकाश लिपिक श्रीश मिश्रा पूर्व सभासद डॉ राजेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## मानक ताख पर, रास्ते पर प्लास्टर

संवाददाता

बाराबंकी। नगर पालिका परिषद के गुलरिया गार्दा वार्ड में निर्माण के मानको को ताख पर रखते हुए निर्माण कार्य किए जाने से आमजन में आक्रोश व्याप्त है। शहर में मुख्य मंदिर बड़ी देवी जाने के रास्ते पर गुणवत्ता विहीन निर्माण सभी मानको को ताख पर रख किये जाने की अधिशाषी अधिकारी को शिकायत मिलने के बाद जाँच शुरू कर दी गई है। नगर पालिका परिषद नवाबगंज का गुलरियागार्दा वार्ड प्राचीन मंदिरो की स्थली है। यहां प्राचीन चित्रगुप्त मंदिर, बड़ा ठाकुरद्वारा, छोटा ठाकुरद्वारा और बड़ी देवी मंदिर सहित अनेक प्राचीन मंदिर है। डेढ़ दशक बाद यहां के उबड़ खाबड़ रास्तो का निर्माण शुरू हुआ। क्योकि देश दशक पूर्व बड़ी देवी मंदिर से चित्रगुप्त मंदिर के आसपास के क्षेत्र में आरसीसी सड़क बनी थी। कई लोगो ने रास्ते में समर सेबल लगवाया तो कुछ लोगो ने अपनी पाइप लाइन दुरुस्त करवाने के लिए इसको खोदे जाने से क्षतिग्रस्त होती गई। आखिरकार निर्माण शुरू हुआ तो ठेकेदार ने मानको को ताख पर रख दिया। आधा निर्माण ठीक ठाक करनर के बाद आशीष निगम के मोड़ से पूर्व उप चेयरमैन रहे झुन्नी बाबू के समीर निगम के मकान तक बिना गिट्टी डाले ही मसाला भर कर इतश्री करने से लोगो में आक्रोश व्यापत है। शिकायत अधिशाषी अधिकारी तक पहुंची तो उन्होंने ए ई जियालाल को जाँच के आदेश दे दिए। लेकिन इस बीच करीब 12 मीटर मार्ग को तेजी ने निपटाते हुए ठेकेदार जा चुका था। यहां के लोग कार्यवाही की आस लगा रहे हैं।

## पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा लिखने से कन्नी काट रही रामनगर पुलिस

संवाददाता

बाराबंकी। जिले में रामनगर थाने पर एफआईआर दर्ज कराना ही पीड़ितों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं माना जा रहा है। आम तौर पर पुलिस एफआईआर दर्ज करने को जल्दी तैयार नहीं होती। जिसके बाद पीड़ितों को अधिकारियों या फिर कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। हालांकि जिले के पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़ितों की एफआईआर तत्काल दर्ज कराने के साथ ही कार्रवाई की जाती है। साथ ही जिले में सभी थानों पर कंप्यूटरीकृत एफआईआर दर्ज करने का काम भी किया जा रहा है। इसके बावजूद रामनगर थाने में 10 माह पहले पीड़ित की दी गई शिकायत पर कोई कार्यवाई नहीं हुई। यही नहीं पंजीकृत डाक से थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारी समेत पुलिस अधीक्षक को शिकायत भेजने के बाद भी पुलिस महकमा नहीं चेता। अंत में थक हार कर पीड़ित को न्यायालय की शरण में जाना पड़ा। न्यायालय ने प्रकरण पर गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक से जवाब मांगा है। बताते चले कि रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम नथना पुर में दिनांक 22 जून 2023 को दिनेश पुत्र भगौती प्रसाद ने पुश्तैनी भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जा करने और खेत की मिट्टी खोदने की शिकायत थानाध्यक्ष से की थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मो इश्तियाक पुत्र मो उमर, मो इब्राहिम पुत्र अब्दुल हई, मो इकबाल, मो इसरार, मो एहसान पुत्रगण इरफान निवासी भवानी गंज भैसुरिया और रामनिवास पुत्र ब्रजलाल निवासी कटका व राजेश कुमार पुत्र राम गुलाम निवासी करौली, भिखारी पुत्र सुकई, मरजी राम पुत्र भगौती व रमेश पुत्र श्रीराम निवासी नाथनापुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने में हीलाहवाली की। जिसके बाद पीड़ित दिनेश ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की।

## युवाओं द्वारा निकाला गया मशाल जुलूस

संवाददाता

सूरतगंज बाराबंकी। ब्लॉक सूरतगंज के बैशन पुरवा में चल रही भव्य दीप यज्ञ के साथ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का समापन हुआ। गुरुवार को सैकड़ो महिला–पुरुष श्रृद्धालुओं ने लोक कल्याण के लिए यज्ञाग्नि में आहुतियां अर्पित कीं।सहस्रवेदीय दीपयज्ञ में पधारे महिला पुरुषों ने कुरीति–उन्मूलन, पर्यावरण, साधना, स्वाध्याय, समयदान, अंशदान जैसे अनेक संकल्प लिए। शांतिकुंज टोली नायक पंडित जवाहरलाल मिश्रा ने लोकहित में समयदान की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज ही ईश्वर का साकार स्वरूप है जिसके समुन्नत बनाने के लिए समयदान व अंशदान आवश्यक रूप से निकालना चाहिए।

# अभिभावक संघ ने निजी विद्यालयों की मनमानी को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

हरदोई। जिलाधिकारी से मिलकर अभिभावक संघ ने निम्न मांगे उठाकर उन पर त्वरित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। स्कूल फीस वृद्धि व अभिभावकों को गैर एनसीईआरटी प्राइवेट प्रकाशन की बिना बिल की महंगी किताबें बेचने तथा बस जनपद के सभी निजी स्कूलों में अभिभावकों से स्कूलों द्वारा विभिन्न प्रकार से नियम विरुद्ध फीस बढ़ाकर तथा अभिभावकों को गैर एनसीईआरटी प्राइवेट प्रकाशन की महंगी किताबें लेने को मजबूर करके अभिभावकों को लूटा जा रहा है।

उ० प्र० स्ववित्तपोषित विद्यालय शुल्क विनियमन विधेयक 2018 के अनुरूप जिला शुल्क नियामक समिति द्वारा अनावश्यक रूप से और नियम विरुद्ध शुल्क बढ़ाने वाले विद्यालयों की फीस वृद्धि पर रोक लगाई जाये और उन पर विधेयक के अनुरूप दण्ड लगाकर कठोर कार्यवाही की जाये। ज्ञात हो कि उक्त विधेयक में कोई भी निजी स्कूल केवल जिला शुल्क नियामक समिति को अवगत कराकर ही फीस वृद्धि कर सकता है और ये वृद्धि अधिकतम ब्च्(2.57:). 5ः तक ही मान्य है। लेकिन सेंट जेम्स, जयपुरिया, सेंट जेवियर समेत अन्य कई स्कूलों ने पिछले वर्ष ही फीस बढ़ाई थी और इस बार पुनः 10ः फीस में बढ़ोत्तरी कर दी है जो की अवैध है। सीबीएसई के सर्कुलर 16 ध्2017ध्1335026 में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सीबीएसई के सभी स्कूल केवल एनसीईआरटी की किताबें ही चलाएंगे इसके बावजूद जनपद के सभी स्कूल कक्षा 9 से पहले के सभी क्लास में प्राइवेट प्रकाशन की महंगी किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर कर रहे है, उ० प्र० स्ववित्तपोषित विद्यालय शुल्क विनियमन विधेयक 2018 के अनुसार स्कूल प्रति तीन वर्ष में पाठ्यक्रम बदल सकते हैं लेकिन ज्यादातर स्कूलों ने इस बार भी प्रत्येक क्लास की किताबें बदल दी हैं , जिन पर रोक लगायी जाए। पिछले वर्ष स्कूलों द्वारा पेट्रोल डीजल वृद्धि का हवाला देकर लगभग 300 से 400 तक बस फीस बढ़ायी गई थी लेकिन पिछले दिनों में पेट्रोल एवं डीजल के दाम काफी ंउ हुए हैं जिस कारण स्कूलों द्वारा संचालित करवायी जा रही स्कूल बसों की फीस भी कम की जानी चाहिए थी परंतु किसी भी स्कूल द्वारा ऐसा यही किया गया । अतः निवेदन है बसों की पिछले साल की फीस वृद्धि वापस ली जाए ।

जनपद के सभी पुस्तक विक्रेता केवल नकद रुपये लेकर ही कॉपी किताबों का बंडल खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य कर रहे हैं साथ ही किसी प्रकार का जीएसटी युक्त पक्का बिल भी नही दे रहे हैं जिससे एक तरफ सरकार के डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के नारे पर पलीता फिर रहा है दूसरी ओर बिल न देकर जिला प्रशासन की नायक के नीचे खुले आम टैक्स चोरी की जा रही है।

# क्यू आर टीम ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण




संवाददाता

हरदोई। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई द्वितीय पर क्यू आर टीम ने भ्रमण किया। इस अवसर पर आयोजित किसान गोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ पंकज नौटियाल ने वैज्ञानिकों के समक्ष कृषि विज्ञान केंद्र की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से बताया क्यू आर टीम के अध्यक्ष डॉ के एन त्यागी ने किसानों से बातचीत करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से होने वाले लाभ के बारे में किसानों की राय जानी।

साथ ही टीम के अन्य वैज्ञानिक गण डॉ एनके सिंह, डॉ एस के गुप्ता, डॉ के जी एस, केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में डॉ ए के राय, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र लखनऊ के अध्यक्ष डॉ एके दुबे वैज्ञानिक, डॉ संजय अरोरा, डॉ सी एल वर्मा, डॉ सुनील झा आदि वैज्ञानिकों ने भी किसानों से संवाद किया।

कार्यक्रम का संचालन अंजलि साहू ने किया वैज्ञानिकों को कृषि विज्ञान केंद्र प्रक्षेत्र का भ्रमण डॉ त्रिलोक सिंह डॉ टी एन राय एवं सत्येंद्र द्वारा करवाया गया। टीम के समक्ष क्षेत्र के प्रगतिशील किसान ओ पी मौर्य, प्रदीप दीक्षित, दयाशंकर मौर्य, ज्ञान प्रताप सिंह, रमेश पांडे, रामकली अमरीश सिंह आदि ने भी अपने अनुभव साझा किया।

# दिव्यांग मतदाता सभी मतदाताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत : मंगला प्रसाद सिंह



संवाददाता

हरदोइ । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आईटीआई सभागार में दिव्यांग मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। दिव्यांग मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने तीन दिव्यांग मतदाताओं से दीप प्रज्ज्वलित कराया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग मतदाता सभी मतदाताओं के लिए प्रेरणा हैं और सभी लोग 13 मई को वोट जरूर दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांगों को समर्पित बूथ बनाये गए हैं जो उन्हें सशक्तिकरण का अहसास कराएगा और जनपद में वोटर लिस्ट में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या बढ़ी है एवं जिस मतदाता का नाम अभी भी छूट गया है वे 15 अप्रैल तक आवेदन कर मतदाता सूची में अपना नाम बढ़वा सकते है।

उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने मोबाईल ऐप में निर्वाचन आयोग के महत्वपूर्ण ऐप डाऊनलोड कर लें। सभी लोग शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लें और जनपद को शीर्ष मतदान वाले जनपदों में लेकर आएं। स्वयं भी मतदान कर अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि निर्वाचन आयोग दिव्यांग मतदाताओं के शत प्रतिशत मतदान के लिए गंभीर प्रयास कर रहा है। जनपद में दिव्यांग मतदाताओं के नाम बड़े पैमाने पर मतदाता सूची में सम्मिलित किये गए हैं। मतदान केन्द्रो पर न आ पाने वाले दिव्यांग मतदाताओं को घर पर वोटिंग की सुविधा दी गयी है। बूथों पर भी रैम्प, व्हील चेयर, दिव्यांग शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। उन्होंने सक्षम ऐप के बारे में दिव्यांग मतदाताओं को बताया। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी क्यू आर कोड के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वोटर हेल्पलाइन ऐप से हम मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। सी विजिल ऐप पर आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। केवाईसी ऐप के माध्यम से हम अपने उम्मीदवार के बारे में जान सकते है। उपनिदेशक कृषि डॉ नन्द किशोर ने कहा कि 13 मई को अपने बूथ पर जाकर वोट अवश्य डालें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपने योगदान पर गर्व करें। दिव्यांग जन समाज को अच्छी तरह से मतदान हेतु प्रेरित कर सकते हैं।

दिव्यांग मतदाताओं मंजरी, राजीव, मनोरमा, शिशुपाल ने भी अपने विचारों के माध्यम से सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। पहली बार मतदाता बनी दिव्यांग मुस्कान मतदान को लेकर काफी उत्साहित नजर आयी। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने दिव्यांग मतदाताओं की ट्राईसाईकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी ऋचा गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे।

# काम में लापरवाही पर वीडीओ को नोटिस

संवाददाता

हरदोई। काम में लापरवाही पर जिला विकास अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तीन दिन के अंदर साक्ष्य सहित जवाब मांगा है। जवाब न आने व संतोषजनक न होने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी है। विकास खंड कछौना में तैनात वीडीओ ज्ञान सिंह ने क्लस्टर की ग्राम पंचायतों के कामों में रुचि नहीं ली है। कई कामों में लापरवाही से ब्लॉक की प्रगति प्रभावित हुई और इससे जनपद की भी प्रगति भी प्रभावित हुई है। जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार ने काम में लापरवाही से प्रगति प्रभावित होने के साथ ही आमजन को होने वाली दिक्कतों के दृष्टिगत वीडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बताया कि वीडीओ से पांच बिंदुओं पर जवाब मांगा गया है।

# फिर खराब हुई जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन

संवाददाता

हरदोई। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला चिकित्सालय में लगी सीटी स्कैन मशीन 24 घंटे काम करने के बाद फिर दगा दे गई। इसके चलते शुक्रवार को एक भी सीटी स्कैन नहीं हो सके। बढ़ते घटते वोल्टेज के कारण सीटी स्कैन मशीन आए दिन खराब हो रही है।

पब्लिक प्राइवेट पाटर्नरशिप मॉडल पर जिला अस्पताल परिसर में सीटी स्कैन मशीन लगी है। यहां मरीजों को निशुल्क सीटी स्कैन की सुविधा मिलती है। ओपीडी में आने वाले मरीजों को चिकित्सक सीटी स्कैन की सलाह देते हैं। पिछले कुछ दिनों में कई बार सीटी स्कैन मशीन खराब हो चुकी है। बीते रविवार को खराब हुई सीटी स्कैन मशीन बुधवार शाम दुरुस्त हुई थी। बृहस्पतिवार को दिन भर में 73 मरीजों का सीटी स्कैन यहां हुआ, लेकिन शुक्रवार को आए मरीजों को निराश होकर वापस जाना पड़ा।

# एसडीएम ने नस्योली गोपाल,नस्योली डामर व सकरौली के बूथों का निरीक्षण किया




संवाददाता

हरदोई। उप जिलाधिकारी शाहाबाद व क्षेत्राधिकारी हरपालपुर ने एक साथ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत आने वाले थाना लोनार क्षेत्र के ऐसे समस्त बूथों जो कि वल्नरेबल व क्रिटिकल बूथों की श्रेणी में सम्मिलित किया गया है व पॉकेट्स नस्योली गोपाल,नस्योली डामर व सकरौली का भ्रमण किया गया।इस दौरान पुलिस फोर्स के साथ साथ संबंधित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

शान्तिपूर्ण चुनाव हेतु ग्रामीणों से वार्ता की गयी तथा उनको ताकीद की गई कि अगर किसी के द्वारा कोई भी उत्पात, या हरकत की गई तो प्रशासन उससे सख्ती से निपटने के लिए तैयार है शरारती तत्वों को बक्शा नहीं जायेगा,इसलिए आप सभी शान्ति व्यवस्था बनाए रखें।

# चोरी की नियत से मकान पर चढ़ रहे बदमाशों को ग्रामीणों ने दौड़ाया

संवाददाता

मल्लावां,हरदोइ। अज्ञात बदमाश चोरी की नियत से एक व्यक्ति के छत पर चढ़ गए। जानकारी होने पर परिजनो ने शोर मचाया तो बदमाश छत से कूद कर भाग गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव गोसवा निवासी अर्जुन लाल बुधवार की रात को परिजनों के साथ सो रहे थे। रात करीब 12 बजे दो अज्ञात बदमाश दीवार के सहारे छत पर चढ़ रहे थे। इसी बीच अर्जुनलाल लघुशंका करने के लिए उठे तो उन्होंने बदमाशों को देखकर शोर मचाने लगे। इस दौरान परिजनों के साथ मोहल्ले के लोगो ने बदमाशों को दौड़ाया। जिसपर आरोपी भाग गए। इससे पूर्व तेंदुआ के तीन घरों मे 24 फरवरी की रात को नितेश, रामचंद्र, रामऔतार के घर से दो लाख साठ हजार की नगदी व 28 मार्च को बांसा गाँव निवासी बसपा के जिला प्रभारी मुकेश वर्मा, कृषि अधिकारी अभिषेक वर्मा व पूर्व जिला पंचायत सदस्य की भाभी जगदेई के घर से छः लाख की नगदी के साथ लाखों रूपये के जेवरात चोरी हो गए थे।

# नायब सूबेदार से जमीन के नाम पर धोखाधड़ी, केस दर्ज

संवाददाता

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के बनकटिया गांव में जमीन के नाम पर धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मामले में मां और दो बेटों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए शिकायत पत्र में पीड़ित त्रिलोकी नाथ यादव निवासी ग्राम बनकटिया ने बताया कि वह भारतीय सेना में नायब सूबेदार के पद पर कार्यरत हैं। उनके गांव के दिलीप कुमार उर्फ निखिल कुमार एवं उनका भाई सुनील कुमार व मां लक्ष्मी देवी ने उनके पास फोन कर कहे कि उन्हें कुछ पैसों की आवश्यकता है। दिलीप कुमार अपने हिस्से का खेत बेच रहा है।खेत में किसी प्रकार का कोई विवाद या समस्या नहीं है। वह उक्त लोगों की बातों का विश्वास करके छुट्टी लेकर घर चले आए। उक्त लोगों से खेत की खतौनी मांगा तो निखिल ने तहसीलदार खलीलाबाद के आदेश 21 जनवरी 2023 की प्रतिलिपि और खतौनी की प्रतिलिपि दिखाया। जिस पर उन्होंने विक्रय मूल्य के बारे में पूछा, तो उक्त लोग बताए कि खेत का दाम 7,50,000 है। जिस पर वह तैयार हो गए। उन्होंने खतौनी देखा तो खेत किसी प्रकार से बंधक नहीं था। उक्त तीनों लोगों के विश्वास में आकर आठ फरवरी 2023 को विक्रय मूल्य देकर नियमानुसार दिलीप कुमार उर्फ निखिल कुमार से रजिस्ट्री बैनामा करा लिए। बाद में निखिल के भाई सुनील कुमार एक षड्यंत्र के तहत खारिज दाखिल में आपत्ति लगा दिए। उक्त लोग उनसे कहे कि खेत पर पिता ने लोन लिया था। जो 85,500 के एवज में बड़ौदा यूपी बैंक से बंधक है। तीनों लोगों ने जान बूझकर यह बात उन्हें नहीं बताई। साथ ही 1,50,000 रुपये मांगने लगे। रुपये न देने पर खारिज दाखिल न होने की धमकी दी। जिस पर उन्होंने कहा कि इस बात की जानकारी तुम लोगों को थी तो क्यों फोन करके बैनामा के लिए बुलाए। जिस पर सुनील ने कहा कि उन तीनों लोगों की एक साजिश थी, जिसके तुम शिकार हुए हो। पुलिस ने मामले में उक्त तीनों आरोपी के खिलाफ केस दर्जकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

# फर्जी पासपोर्ट के सहारे आ रहा आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

संतकबीरनगर। जिले से बने फर्जी पासपोर्ट के सहारे विदेश से वापस आ रहे एक आरोपी को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। लखनऊ एयरपोर्ट प्रशासन ने आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद लखनऊ गई कोतवाली पुलिस आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लाकर कानूनी कार्रवाई पूर्ण करके जेल भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक आरोपी की पहचान अरविंद कुमार पुत्र अजय कुमार निवासी इमिलडीहा थाना कोतवाली खलीलाबाद, द्वितीय नाम व पता गुलशन अंसारी पुत्र सदरुद्दीन अंसारी निवासी जगदौर थाना निचलौल जनपद महराजगंज के रूप में हुआ। उसका वास्तविक नाम विकास कुमार सिंह उर्फ रोशन सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी सरया खास पोस्ट सिधेगौर थाना बड़हलगंज जिला गोरखपुर है। जिले में पिछले साल फर्जी पासपोर्ट वेरीफिकेशन का मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया था। जो आरोपी फर्जी पासपोर्ट के सहारे विदेश चले गए थे। उनके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया था। जिसके बाद पांच अप्रैल को थाईलैंड से फ्लाइट से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरने के बाद अधिकारियों ने आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस लखनऊ के लिए तत्काल रवाना हो गई। छह अप्रैल को पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर आरोपी को हिरासत में लेकर जिले में आकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। सीओ सिटी ब्रजेश सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## शहर के नाले ओवरफ्लो, सड़क पर फैला पानी

संवाददाता

संतकबीरनगर। शहर में नाले ओवरफ्लो हो गए हैं। नालों का पानी सड़कों तक पसर गया है। जिससे आस पास के दुकानदार परेशान हैं। उन्हें गंदे पानी से होकर दुकानों तक जाना पड़ रहा है। इसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन नालों की सफाई की नहीं करा रही है। शहर में नालों की साफ–सफाई का दावा पालिका प्रशासन की ओर से किया जा रहा है, लेकिन हकीकत इससे दूर हैं। स्थिति यह है कि नगर पालिका परिषद खलीलाबाद कार्यालय के पास ही नाला ओवरफ्लो हो गया है। गंदा पानी सड़क तक पसर गया है। क्षेत्र में दुकान लगाने वाले दुकानदार इससे खासे परेशान हैं। उन्हें गंदे पानी से होकर दुकान तक आना–जाना पड़ रहा है। गंदा पानी होने के कारण ग्राहक दुकानों पर नहीं आ रहे हैं, जिससे इनका कारोबार प्रभावित हो गया है। ऐसी ही स्थिति नेहरू चौक से आजाद तक की भी है, यहां पर भी अक्सर नाला ओवरफ्लो हो जा रहा है। बंजरिया से नेदुला जाने वाले मार्ग पर भी नाले का भी यही हाल है। इससे लोगों को आने–जाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। शहर के निवासी राधेश्याम, अमित कुमार आदि ने कहा कि नालियों की नियमित सफाई न होने से ओवरफ्लो की स्थिति बन रही है। शिकायत के बाद भी पालिका प्रशासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों का कहना है कि इस समय संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। नालियों की साफ–सफाई के निर्देश है, फिर भी पालिका प्रशासन आंख मूंदे हुए हैं। नालों की साफ–सफाई के लिए कर्मियों को निर्देशित किया गया है। जहां पर नाले ओवरफ्लो हुए हैं, उनकी साफ–सफाई जल्द कराकर समस्या से निजात दिलाया जाएगा।

# जमीन बैनामा कराने में ट्रेजरी व ई–स्टांप साबित होगा कारगर

संवाददाता

संतकबीरनगर। जमीन बैनामा के लिए लगने वाले स्टांप ट्रेजरी व ई–स्टांप की कारगर साबित हो रहा है। फर्जी स्टांप की जांच के लिए तत्काल स्थानीय स्तर पर कोई सुविधा नहीं है। महाराष्ट्र के नासिक में फर्जी स्टांप के जांच की सुविधा है। जहां से रिपोर्ट आने में काफी लंबा समय लग जाता है। फर्जी स्टांप बेचने का गिरोह कई जनपदों में बड़े पैमाने पर आपना नेटवर्क बना चुका है। जो स्टांप वेंडरों के साथ मिलकर फर्जी स्टांप खपाकर जेब भर रहे हैं। रजिस्ट्री ऑफिस से जुड़े जानकारों के मुताबिक फर्जी स्टांप की पहचान काफी मुश्किल काम है। स्टांप सामने आने और शक होने के बाद उसे जांच के लिए महाराष्ट्र के नासिक भेजना पड़ता है। जहां पर जांच के बाद ही स्टांप के सही अथवा फर्जी होने की जानकारी मिल पाती है। ऐसे में जमीन खरीदने के इच्छुक व्यक्तियों को स्टांप वेंडर से स्टांप न लेकर ट्रेजरी से स्टांप लेना ज्यादा सही होता है। इसके अलावा वर्तमान में ई–स्टांप लेना ज्यादा सही होता है। ई–स्टांप में फर्जीवाड़ा की संभावना काफी कम होता है। जिसकी जांच तत्काल ऑनलाइन कार्यालय में ही कर लिया जाता है। सबसे ज्यादा जमीन बैनामे में ही स्टांप प्रयोग किया जाता है।इसके अलावा तहसील और कचहरी में भी स्टांप की बिक्री होती है। सिर्फ जमीन रजिस्ट्री में ही एक दिन में जिले में लगभग 30 लाख रुपये स्टांप बिक्री का लक्ष्य है। बाकी तहसील और कचहरी में छोटे–छोटे स्टांप की भी बिक्री होती है। ऐसे में स्टांप फर्जीवाड़ा पकड़ में आने के बाद लोगों की सांसें अटकी हुई हैं। जमीन बैनामा कराने के इच्छुक व्यक्ति अगर को किसी तरह के स्टांप में शक होता है तो वह ट्रेजरी अथवा ई–स्टांप का प्रयोग करें। इससे स्टांप फर्जीवाड़ा से बचाव होगा। स्थानीय स्तर पर स्टांप जांच की कोई सुविधा नहीं है। महाराष्ट्र के नासिक में स्टांप जांच की सुविधा है।

## भूसा बनाने वाली तीन मशीन व ट्रैक्टर जब्त

संवाददाता

संतकबीरनगर। एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव शनिवार को महुली क्षेत्र के महुली सिवान में ताबड़तोड़ छापेमारी किया। इस दौरान अवैध तरीके से खेत में भूसा बना रहे तीन भूसा बनाने वाली मशीन को ट्रैक्टर के कब्जे में लिया। जिसे महुली पुलिस को सुपुर्द कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। तेज हवा के झोंके के साथ बढ़ती गर्मी की तपिश के चलते वर्तमान समय में फसल के लिए खतरा बन गया है। इसे रोकने के लिए प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। शासन स्तर से भी खेत में भूसा बनाने की मशीन प्रयोग करने में प्रतिबंध लगा दिया है। मानना है कि चिंगारी निकलने से आग लग सकती है।इसके बावजूद कुछ जगहों पर धड़ल्ले के साथ खेत में भूसा बनाने वाली मशीन का प्रयोग किया जा रहा है।

# दुष्कर्म का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

संवाददाता

संतकबीरनगर। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो



एक्ट जैनुद्दीन अंसारी की कोर्ट ने किशोरी से दुष्कर्म करने व जानमाल की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। अधिवक्ता अखंड बहादुर पाल ने बताया कि धनघटा क्षेत्र ग्राम के पीड़ित ने थाना धनघटा में तहरीर दिया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री से एक वर्ष पूर्व से विवाह का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा और उसकी पुत्री को जान से मारने की धमकी देता था। 21 मई 2020 को आरोपी दरवाजे पर आया व मौका देखकर उसकी पुत्री को भगा से भगा ले गया और दुष्कर्म किया। 22 मई 2020 को ताल में अचेतावस्था में थी। होश में आने पर पुत्री ने सारी आप बीती बताई। आरोपी की बहन व आरोपी की चाची फोन पर विवाह करने के षड्यंत्र में सम्मिलित थीं। प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना धनघटा में आरोपी के साथ उसकी बहन और चाची का नाम से केस दर्ज हुआ। कोर्ट में सुनवाई के बाद दस्तावेज व मौखिक साक्ष्य के आधार पर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म का आरोप सिद्ध नहीं पाए जाने पर थाना धनघटा क्षेत्र के ग्राम के 19 वर्षीय आरोपी को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। साथ ही वादी की तरफ से प्रथम सूचना रिपोर्ट के विपरीत झूठी गवाही न्यायालय में दिए जाने पर उसके विरुद्ध कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

# पांच न्यायिक अधिकारियों का तबादला

संवाददाता

संतकबीरनगर। अपर सत्र न्याया धीश, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी व अपर सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट काशिफ शेख, अपर सत्र न्यायाधीश दिनेश प्रताप सिंह, सिविल जज सिनियर डिवीजन श्वेता श्रीवास्तव का स्थानांतरण गैर जनपद के लिए हुआ है। यह आदेश हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती ने जारी किया है। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी का स्थानांतरण आजमगढ़, अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय काशिफ शेख व अपर सत्र न्यायाधीश दिनेश प्रताप सिंह का का स्थानांतरण मुजफ्फर नगर जबकि सिविल जज सीनियर डिवीजन श्वेता श्रीवास्तव का तबादला बरेली हुआ है। अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन अक्षिता का स्थानांतरण लखीमपुर खीरी के लिए हुआ है। इसके अलावा मेरठ में तैनात न्यायिक अधिकारी देवेंद्र नाथ गोस्वामी, प्रयागराज में तैनात न्यायिक अधिकारी कृष्णकुमार और कासगंज में तैनात न्यायिक अधिकारी गगन कुमार भारती का स्थानांतरण संतकबीरनगर के लिए हुआ है।


**मिशन संदेश**
हिन्दी साप्ताहिक

स्वामी, मुद्रक,प्रकाशक मो.सईद पठान द्वारा अनिल प्रिंटिंग प्रेस प्लाट नं.26, औद्योगिक अस्थान, मुखलिसपुर रोड खलीलाबाद, संत कबीर नगर 272175 उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर,मोहल्ला ईदगाह मोती नगर खलीलाबाद, संत कबीर नगर से प्रकाशित किया गया

सम्पादक
मो0 सईद पठान
मो.– 9454001238
Email:-
missionsandesh.skn@gmail.com

नोट–सभी विवादों का न्याय क्षेत्र संत कबीर नगर मान्य होगा


# डंपर ने बाइकसवार को रौंदा, एक की मौत, दूसरा घायल

संवाददाता

संतकबीरनगर। शनिवार को कैंपियरगंज की तरफ से आ रहे बाइक सवार दो लोगों को विपरीत दिशा से आ रहे डंपर ने रौंद दिया। जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदावल में चल रहा है। डंपर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है जबकि चालक फरार है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज श्या गया है। गोंडा जनपद के कजकपुरवा थाना धानेपुर निवासी सत्यनारायण (40 वर्ष) पुत्र प्रेमदास मौर्य और पुरानी बस्ती के मरवटिया निवासी सिकंदर मौर्य पुत्र रंजीत मौर्य बाइक से शनिवार की दोपहर में महाराजगंज जनपद के सिसवा बाजार से मेंहदावल होकर बस्ती जा रहे थे। अभी साड़ेकला के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे डंपर ने बाइकसवार को रौंद दिया। घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। डंपर को लोगों ने घेर लिया। मौका पाकर ड्राइवर फरार हो गया। पुलिस चौकी बनकसिया के चौकी इंचार्ज अवधेश सिंह हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे।

ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदावल लाया गया। चिकित्सकों ने देखते ही सत्यनारायण को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल सिकंदर का इलाज अस्पताल में चल रहा है। बाइकसवार महाराजगंज जनपद के सिसवा बाजार से मेंहदावल होकर बस्ती जा रहे थे। बनकसिया चौकी क्षेत्र के साडेकलां में विपरीत दिशा से आ रहे डंपर से दुर्घटना हो गई। जिसमें गोंडा जनपद निवासी सत्यनारायण मौर्य की मौत हो गई। डंपर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। घटना के संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।